www.navpradesh.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026 | कृष्ण पक्ष-एकादशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 237 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

9500 पन्नों के चालान में कई खुलासे, 104 करोड़ पहुंचे राजीव भवन, नेता-अफसर को भी मिले करोड़ों

■ अदालत में देवेन्द्र यादव, चंद्रदेव राय, विनोद तिवारी सहित कई आरोपी थे मौजूद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ से अधिक के कोयला घोटाला मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने सोमवार को रायपुर के विशेष न्यायालय में 12 आरोपियों के विरुद्ध 9500 पन्नों का पूरक चालान पेश किया। पूरक चालान में कोयला परिवहन से 25 प्रति टन की अवैध वसूली, रकम के वितरण और विभिन्न संपत्तियों में निवेश से जुड़े तथ्यों का विवरण शामिल है। जांच के मुताबिक, मामले में आयरन पैलेट परिवहन से 100 रुपए प्रति टन की अवैध वसूली का भी खुलासा किया गया है। चालान में कोयला घोटाले में विधायक, पूर्व विधायक समेत कई नेता, अधिकारियों की भूमिकाओं का उल्लेख किया गया है।

डिजिटल साक्ष्य और सरकारी पत्राचार का जिक्र: पूरक चालान में विभिन्न आदेश जारी करने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

500 करोड़ का कोयला घोटाला

चालान में शामिल आरोपियों की भूमिका

राम गोपाल अग्रवाल: राम गोपाल अग्रवाल संबंधित अवधि में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष थे। जब्त डायरियों में 'भवन' एवं 'सी पार्टी' के नाम से 32 प्रविष्टियों में कुल 104.20 करोड़ (एक सौ चार करोड़ बीस लाख रुपये) दर्ज हैं। विवेचना में यह रकम राजीव भवन पहुंचाए जाने तथा देवेन्द्र डडसेना के माध्यम से राम गोपाल अग्रवाल द्वारा पार्टी के लिए प्राप्त किए जाने के तथ्य मिले हैं। उनके परिवार से संबंधित कंपनियों के नाम भूमि खरीदी और रजिस्टी मूल्य के अतिरिक्त नकद भुगतान का विवरण भी चालान में शामिल है।

देवेन्द्र सिंह यादव: भिलाई नगर विधायक देवेंद्र सिंह यादव एवं उनके लिए रकम प्राप्त करने वाले नवाज से संबंधित 11 डायरी प्रविष्टियों में कुल 3 करोड़ रुपए दर्ज हैं। इनमें खैरागढ़ उपचुनाव के लिए भेजी गई रकम भी शामिल है। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी की ओर से रकम प्राप्त करने तथा उसका उपयोग चुनाव संबंधी कार्यों और स्वयं के लिए करने में देवेंद्र सिंह यादव की भूमिका पाई गई है।

विनोद तिवारी: विनोद तिवारी के नाम अथवा उनसे जुड़े नामों से जब्त डायरियों में 22 प्रविष्टियों में कुल दो करोड़ बारह लाख ग्यारह हजार रुपये (लगभग ?2.12 करोड़) दर्ज हैं। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी से नकद रकम प्राप्त करने और उसका उपयोग राजनीतिक कार्यों में करने के तथ्य मिले हैं। खैरागढ़ उपचुनाव की होर्डिंग के भुगतान तथा जिला पंचायत के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए रकम की व्यवस्था से संबंधित विवरण भी सामने आया है।

रामप्रताप सिंह: जब्त डायरियों में 'आरपी सिंह' एवं 'आरपी' नाम से रामप्रताप सिंह से संबंधित 25 प्रविष्टियों में कुल दो करोड़ बानवे लाख नब्बे हजार रुपये (लगभग 2.93 करोड़) दर्ज हैं। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी से नकद रकम प्राप्त करने तथा उसे व्यक्तिगत खर्च, राजनीतिक कार्यों, मीडिया प्रबंधन और वाहन व्यवस्था में उपयोग करने में उनकी भूमिका पाई गई है।

चंद्रदेव प्रसाद राय: तत्कालीन बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव प्रसाद राय से संबंधित चार डायरी प्रविष्टियों में कुल 49.50 लाख दर्ज हैं। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी से नकद रकम प्राप्त करने और उसका उपयोग चुनाव संबंधी खर्चों में करने के तथ्य मिले हैं। इसके अलावा सूर्यकांत तिवारी द्वारा उन्हें आभूषण उपलब्ध कराए जाने का विवरण भी चालान में शामिल है।

जयप्रकाश मौर्य: तत्कालीन संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म, जयप्रकाश मौर्य से संबंधित दो डायरी प्रविष्टियों में कुल 1 करोड़ (लगभग एक करोड़ रुपये) दर्ज हैं। विवेचना में सूर्यकांत तिवारी से नकद रकम प्राप्त करने, खनिज विभाग के मामलों में उसके साथ संपर्क ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

बददिमाग लोग बदतमीज और बदजुबान होते ही हैं। उनकी जुबान बता देती है कि वे गंदी नाली के कीड़ों से भी गए बीते हैं। देश के सर्वोच्च पदों पर अपनी काबलियत के बलबूते बैठे लोगों के खिलाफ कुछ छपरी जिस सड़क छाप भाषा का उपयोग कर रहे हैं और उनकी बात पर भाड़े के टट्टू थर्ड जेंडर की तरह ताली पीट रहे हैं वह हैरत की बात है। मजे की बात तो यह है कि जिन टपोरियों को तू तड़ाक करने और गाली बकने के अलावा और कुछ नहीं आता वे भी देश में बदलाव लाने का दम भर रहे हैं।

डायवर्सन के नाम पर 10 हजार रिश्वत लेते क्लर्क गिरफ्तार

कुरुद/नवप्रदेश। धमतरी जिले के कुरुद में एंटी करप्शन ब्यूरो ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में कार्रवाई की। टीम ने भू-अर्जन शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 पुनेश्वर सूर्यवंशी को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोप है कि कन्हारपुरी में प्लॉट के डायवर्सन के लिए कार्यालय की ओर से रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने योजना बनाकर कार्रवाई की। जैसे ही पुनेश्वर सूर्यवंशी ने शिकायतकर्ता से 10 हजार लिए, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी की टीम एसडीएम कार्यालय से आरोपी को हिरासत में लेकर निकल गई। *(विस्तृत खबर अंदर पढ़े)*

रायपुर एयरपोर्ट के नए डायरेक्टर होंगे मोहम्मद आरिफ

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के नए एयरपोर्ट डायरेक्टर के रूप में मोहम्मद आरिफ की नियुक्ति की गई है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के आदेश के अनुसार वे 6 अक्टूबर 2026 से रायपुर एयरपोर्ट का कार्यभार संभालेंगे। मोहम्मद आरिफ एएआई के वाणिज्यिक विभाग से जुड़े हैं। वे विमानन और एयरपोर्ट संचालन के क्षेत्र में अनुभवी अधिकारी हैं। इससे पहले वे बागडोगरा एयरपोर्ट और कोयंबटूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एयरपोर्ट डायरेक्टर के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

गरमा-गरम

सुप्रीम कोर्ट सख्त : फॉर्म 6 में बदलाव को मंजूरी नहीं दी, ईसी ने कहा था इजाजत मिली

चुनाव आयोग ने कानून तोड़ा तो एसआईआर से जुड़े फैसले रोक देंगे

■ संशोधित फॉर्म-6 को हमने मंजूरी नहीं दी, बदलाव किसने किया देखेंगे : सीजेआई

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। उन पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है।

सुप्रीम कोर्ट ने इन आरोपों पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए पाए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'फॉर्म-6 के किसी भी संशोधन को हमने मंजूरी नहीं दी है। हम यह देखेंगे कि इसमें किसने बदलाव किया।'

दरअसल, 9 दिन पहले चुनाव आयोग ने कहा था कि फार्म 6 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अतिरिक्त डिक्लेरेशन एसआईआर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

फॉर्म-6 में क्या बदला गया?

फॉर्म-6 का इस्तेमाल नए मतदाता के रूप में पंजीयन कराने के लिए किया जाता है। विवादित घोषणा-पत्र में आवेदक से यह जानकारी मांगे जाने का मुद्दा उठाया गया कि वह स्वयं या उसके माता-पिता पिछली एसआईआर मतदाता सूची में दर्ज या मैप किए गए थे या नहीं। याचिका में दावा किया गया है कि पहले के वैधानिक फॉर्म-6 में यह जानकारी इस रूप में नहीं मांगी जाती थी। इस बदलाव को लेकर यह दलील भी सामने आई कि रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल, 1960 में आवश्यक संशोधन किए बिना वैधानिक फॉर्म में इस तरह बदलाव नहीं किया जा सकता।

आयोग के पुराने दावे पर उठे सवाल

मामले का विवाद इसलिए बढ़ा क्योंकि निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को जारी एक बयान में संकेत दिया था कि एसआईआर के दौरान ऑनलाइन फॉर्म-6 के साथ जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी प्राप्त है। लेकिन सोमवार को अदालत ने स्पष्ट किया कि उसने फॉर्म-6 के किसी संशोधित स्वरूप को मंजूरी नहीं दी है। अदालत की टिप्पणी के बाद अब यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि ऑनलाइन फॉर्म-6 में बदलाव किस स्तर पर किया गया और क्या उसके लिए आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई थी।

सीईसी ज्ञानेश कुमार को सस्पेंड करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली/ए.। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कोई भी एकतरफा अंतरिम आदेश देने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर दायर याचिकाओं में सीईसी पर मनमाने ढंग से फैसले लेने और 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। चीफजस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की पीठ ने इन आरोपों पर केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और खुद सीईसी ज्ञानेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता राकेश कुमार सिंह और अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की ओर से वरिष्ठ वकील विकास सिंह और मेनका गुरुस्वामी पेश हुए।

जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन याचिका पर सुनवाई की सहमति

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी है, जिसमें दिल्ली पुलिस को राजधानी के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग की गई है। यह याचिका मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफदिल्ली में चल रहे विरोध प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में दायर की गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष जब इस याचिका का उल्लेख किया गया, तो याचिकाकर्ता के वकील ने गंभीर चिंता जताई। वकील ने दलील दी कि दिल्ली पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शनों की अनुमति नहीं दे रही है, जो कि एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक मुद्दा है। उन्होंने दावा किया कि छात्रों, आम नागरिकों, पंजीकृत राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और यहां तक कि सांसदों को भी उनके प्रदर्शन के अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

करोड़ों नागरिकों को वोट के अधिकार से वंचित करना संविधान की मूल भावना के खिलाफ: जस्टिस भुइयां

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस उज्जल भुइयां ने स्पष्ट किया है कि भारत में नागरिकों का मतदान का अधिकार संविधान की मूल संरचना का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई भी प्रक्रिया जो करोड़ों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करती हो, वह पूरी तरह से मनमानी होगी और संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) तथा 326 का सीधा उल्लंघन होगी। 19वें 'नालसार-जस्टिस बीआर सावनी स्मृति मूट कोर्ट प्रतियोगिता' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस भुइयां ने कहा कि भारतीय संविधान नागरिकों के दो अलग-अलग वर्गों की कल्पना नहीं करता। अगर किसी प्रक्रिया के जरिए लाखों भारतीयों को वोटिंग से रोक दिया जाता है, तो कोई भी तर्क इसे सही नहीं ठहरा सकता। उन्होंने कहा, मताधिकार नागरिकता का सार है।

मेडिसिन के लिए जर्मनी-अमेरिका के तीन वैज्ञानिकों को नोबेल पुरस्कार

नई दिल्ली/ए.। करोलिंस्का इंस्टीट्यूट की नोबेल असेंबली ने 2026 का फिजियोलॉजी या मेडिसिन का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से तीन वैज्ञानिकों को देने का फैसला किया है। ये हैं अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और हॉवर्ड ह्यूजेस मेडिकल इंस्टीट्यूट के कार्ल डिसेरोथ, जर्मनी के हम्बोल्ट विश्वविद्यालय के पीटर हेगेमैन और वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के जॉर्ज नागेल। उन्हें यह सम्मान लाइट-गेटेड आयन चैनल्स और ऑप्टोजेनेटिक्स की खोजों के लिए दिया गया है। यह विधि न्यूरॉन सेल्स को रोशनी की मदद से नियंत्रित करने का तरीका देती है जिससे मस्तिष्क में यादों, भावनाओं और व्यवहारों को समझने में मदद मिलती है. नोबेल समिति के अनुसार इन खोजों ने तंत्रिका विज्ञान के एक नए युग की नींव रखी है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा के सभी आठ राज्यसभा कैंडिडेट नए

■ केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और बीएल वर्मा के नाम नहीं, राज्यपाल गंगवार की बेटी को टिकट

लखनऊ/ए.। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए सोमवार दोपहर 8 उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। सभी नए उम्मीदवार हैं। इनमें 2 महिलाएं हैं। इनमें 2 ब्राह्मण, 1 ठाकुर, 3 पिछड़े और 2 दलित हैं। पिछड़े वर्ग में एक लोधी, एक कुर्मी और एक पाल समाज से हैं। वहीं, दलित वर्ग में एक खटीक और एक पासी समाज से हैं।

पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल बीएल वर्मा और हरदीप सिंह पुरी का टिकट काट दिया गया है। दिनेश शर्मा अंडमान निकोबार के उपराज्यपाल बनाए गए हैं। मौजूदा राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सीमा द्विवेदी, बृजलाल, गीता शाक्य, अरुण सिंह को दोबारा मौका नहीं मिला है। उत्तर प्रदेश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अपराधियों में मौत का डर पैदा करना जरूरी नहीं तो रेप जैसे अपराध रोकना मुश्किलः सुको

■ शीर्ष अदालत ने रेप की 3 घटनाओं पर खुद लिया संज्ञान, गृह मंत्रालय से चार हफ्ते में मांगा जवाब

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में नाबालिगों से गैंगरेप की 3 घटनाओं पर कहा कि 'जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे।' सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा कि केवल चीजों को कागज पर लिखना पर्याप्त नहीं है, सख्त कार्रवाई करनी होगी। जस्टिस पारदीवाला और

जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सख्त होने से हिचकिचाएं नहीं।

बेंच ने कहा कि कुछ लोग अनुच्छेद 21 यानी मानव अधिकार का हवाला देकर सवाल उठाएंगे, लेकिन पुलिस को अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके बाद दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 4 अगस्त से 21 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा-दिल्ली बस, आस्था कुंज पार्क और स्वरूप नगर में रेप की 3 घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में पहली सुनवाई 28 सितंबर को हुई थी।

दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों में रेप की 3 घटनाएं : 4 अगस्त: दिल्ली में 16 साल की नाबालिग से चलती बस में गैंगरेप। पीड़ित ग्रेटर नोएडा के परी चौक से बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कश्मीरी गेट पर छोड़ा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सिंगापुर से छत्तीसगढ़ में 43,250 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

■ एआई रेडी डेटा सेंटर कैंपस पर 41,750 करोड़ का निवेश, सोलर सेक्टर में भी 1,500 करोड़ की तैयारी

रायपुर/सिंगापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में डिजिटल सेक्टर को बड़ा बढ़ावा मिलने जा रहा है। सिंगापुर में आयोजित सिंग फोरम 2026 में राज्य को 43,250 करोड़ रुपए के विदेशी निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इनमें सबसे बड़ा निवेश 41,750 करोड़ रुपए का है। सिंगापुर की कंपनी एनर्जी कैपिटल ग्लोबल छत्तीसगढ़ में 100 मेगावाट क्षमता का एआई - रेडी डेटा सेंटर कैंपस बनाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिंगापुर में आयोजित इस फोरम में कंपनी को निवेश का न्योता सौंपा। कंपनी एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में एआई के लिए तैयार डेटा सेंटर विकसित करने और उन्हें साफ ऊर्जा से जोड़ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

युवाओं के लिए अवसर होंगे सृजित

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ये निवेश प्रतिबद्धताएं छत्तीसगढ़ की नीतियों, संभावनाओं और लोगों के प्रति विश्वास का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे और छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के और करीब ले जाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ एक फायरसाइड चैट में भी हिस्सा लिया, जिसका संचालन सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन द्वारा किया गया।

हम बंद कमरों में चर्चा करके सुधार नहीं लाते

छत्तीसगढ़ का पक्ष प्रभावी ढंग से रखते हुए उन्होंने कहा, 'हम बंद कमरों में चर्चा करके सुधार नहीं लाते। हम सीधे उद्योग जगत से उनकी कठिनाइयों के बारे में पूछते हैं और उसके अनुरूप अपनी व्यवस्थाओं में बदलाव करते हैं। 450 से अधिक सुधार किए जा चुके हैं और यह 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' तब तक नहीं रुकेगी, जब तक लोग स्वयं यह न कहें कि अब और सुधार की आवश्यकता नहीं है।' उन्होंने कहा कि सुधारों, प्रगतिशील औद्योगिक नीति और सक्रिय सरकार के इस संयोजन के कारण छत्तीसगढ़ को केवल 18 महीनों में 8 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

बातचीत : राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक नव प्रदेश कार्यालय पहुंचे युवा क्रिकेटर अनुज तिवारी

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, मेहनत ही जीत की कुंजीः अनुज

■ 2026-27 रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की कमान संभालेंगे अभनपुर के युवा क्रिकेटर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अभनपुर के युवा क्रिकेटर अनुज तिवारी को आगामी 2026-27 रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। कप्तानी की नई जिम्मेदारी के साथ अनुज अब टीम को बेहतर प्रदर्शन और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेंगे। सोमवार को अनुज तिवारी राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक नव

प्रदेश कार्यालय पहुंचे और क्रिकेट की तैयारी, रणजी तक के अपने सफर, भविष्य के लक्ष्य और टीम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

अनुज तिवारी ने कहा कि क्रिकेट में सफलता हासिल करने के लिए प्रतिभा के साथ निरंतर मेहनत और अनुशासन सबसे जरूरी है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सपने देखना जरूरी है, लेकिन उन सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करना उससे भी ज्यादा जरूरी है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। खिलाड़ी को सबसे पहले खुद के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सात मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य

आगामी रणजी सीजन को लेकर अनुज ने कहा कि इस बार टीम के सामने कई महत्वपूर्ण मुकाबले होंगे। सीजन में सात मैच खेले जाएंगे और टीम का प्रयास पिछले प्रदर्शन से बेहतर परिणाम हासिल करने का रहेगा। कप्तान के रूप में उनका लक्ष्य टीम के सभी खिलाड़ियों को साथ लेकर मैदान में उतरना और सामूहिक प्रदर्शन के जरिए छत्तीसगढ़ को मजबूत स्थिति में पहुंचाना है।

कप्तानी उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी

अनुज ने बताया कि टीम की तैयारियां जारी हैं। कोच के मार्गदर्शन में खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। फिटनेस, तकनीक और मैच की परिस्थितियों के अनुरूप तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अनुज ने कहा कि कप्तानी उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है और वे इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। रायपुर जिले के अभनपुर से निकलकर रणजी टीम की कप्तानी तक पहुंचे अनुज तिवारी की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवा क्रिकेटरों के लिए भी प्रेरणा है। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि प्रतिभा को सही दिशा, लगातार अभ्यास और मेहनत का साथ मिले तो छोटे शहर और कस्बों से भी बड़े क्रिकेटर निकल सकते हैं।

इंडिगो में आज से सफर महंगा 1300 से 10 हजार तक वृद्धि

■ 6 महीने में तीसरी बार हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली/ए.। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की फ्लाइट्स मंगलवार से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में 1300 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में 10,000 रुपये तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है। नई कीमतें 6 अक्टूबर रात 12:01 बजे से लागू होंगी।

इंडिगो ने छह महीने में तीसरी बार फ्यूल सरचार्ज बढ़ाया है। इससे पहले एयरलाइन ने इस साल 14 मार्च और फिर 1 अप्रैल को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जेट फ्यूल 1 अक्टूबर से 16 रुपए महंगा हुआ

कंपनी ने किराया बढ़ाने का फैसला हवाई जहाजों में इस्तेमाल होने वाला फ्यूल महंगा होने की वजह से लिया है। 1 अक्टूबर से घरेलू एयरलाइंस के लिए कीमत 121 रुपये से बढ़कर अब 137 रुपये हो गई है। यानी 1 लीटर एएफटी की कीमत 16 रुपए (करीब 13.2%) बढ़ गई है।

छत्तीसगढ़ शासन

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सुशासन से खुली
विकास की नई राह

किसानों को संबल
कृषक उन्नति योजना में प्रति क्विंटल ₹3100 मिल रहा दाम, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, धान के अतिरिक्त अन्य खरीफ फसल पर प्रति एकड़ ₹15,000 आदान सहायता

पीएम आवास
26 लाख+ परिवारों के लिए पक्के आवास स्वीकृत

नियद नेल्ला नार
योजना से बस्तर के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार

तेंदूपत्ता संग्राहक पारिश्रमिक
₹4000 से बढ़ाकर ₹5500 प्रति मानक बोरा, संग्राहकों के लिए चरण पादुका योजना पुनः लागु

युवाओं के लिए अवसर
पुलिस विभाग सहित शासकीय भर्तियों में युवाओं को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट

मुफ्त अनाज
छत्तीसगढ़ के 68 लाख गरीब परिवारों को अगले पांच साल तक निःशुल्क राशन

S-49297/1

हमसे जुड़ने के लिए यह Q.R. Code स्कैन करें

सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

बाढ़ में फंसे 49 हजार से ज्यादा को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, सवा 2 करोड़ की क्षतिपूर्ति स्वीकृत

- प्रदेशभर में 152 राहत शिविर स्थापित, लगभग 12 हजार प्रभावितों के रहने और भोजन की व्यवस्था
- जनहानि, पशुहानि, मकान और फसल क्षति पर त्वरित आर्थिक सहायता, 2.16 करोड़ से अधिक की क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत एवं वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा और उन्हें त्वरित राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर राहत एवं बचाव अभियान संचालित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सक्रिय हैं। प्रदेशभर में जलभराव और बाढ़ में फंसे 49 हजार 793 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है। प्रभावित परिवारों के लिए 152 राहत शिविर स्थापित कर 11 हजार 945 से अधिक लोगों के रहने और भोजन की व्यवस्था की गई है। राज्य में 1 जून से 30 सितम्बर 2026 की अवधि के दौरान, विशेषकर 23 से 29 सितम्बर के बीच हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ से प्रदेश के 33 में से 22 से अधिक जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ। नदियों और नालों में जलस्तर बढ़ने से 1,083 गांवों के 74 हजार 130 से अधिक नागरिक प्रभावित हुए।बाढ़ का सर्वाधिक प्रभाव दक्षिण छत्तीसगढ़ के सुकमा और बस्तर जिलों में देखा गया। सुकमा जिले के 25 गांवों के 40 हजार 714 तथा बस्तर जिले के 145 गांवों के 20 हजार 212 लोग प्रभावित हुए। इसके अतिरिक्त रायपुर, धमतरी, बालोद, बलौदाबाजार, गरियाबंद, कोरबा, बेमेतरा, कबीरधाम, दुर्ग, रायगढ़ और जांजगीर-चांपा सहित अन्य जिलों के अनेक गांव भी बारिश और बाढ़ से प्रभावित हुए।

दिन रात अभियान चलाकर लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू

आपदा की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किए। आपदा प्रबंधन की टीमों ने दिन-रात अभियान चलाते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रदेशभर में अब तक 49 हजार 793 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इनमें अकेले सुकमा जिले में 40 हजार से अधिक तथा रायपुर जिले में 5,600 से अधिक लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। प्रभावित नागरिकों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशभर में 152 राहत शिविर स्थापित किए गए।

नुकसान का शीघ्र आकलन कर राहत राशि देने के निर्देश

राज्य सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रभावित नागरिकों को सहायता उपलब्ध कराने में किसी प्रकार का अनावश्यक विलंब न हो। रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, दुर्ग और गरियाबंद सहित प्रभावित जिलों में राजस्व एवं पटवारी टीमों को शेष नुकसान का अंतिम आकलन जल्द से जल्द पूरा करने और पात्र हितग्राहियों को राहत राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों के साथ नुकसान के आकलन और आर्थिक सहायता वितरण की कार्रवाई समानांतर रूप से की जा रही है।

प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने पर जोर

बारिश और बाढ़ से हुई जनहानि, पशुहानि, मकानों तथा फसलों की क्षति के मामलों में राज्य सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है।बारिश और बाढ़ से संबंधित हादसों में प्रदेशभर में अब तक 15 लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। इसके साथ ही 1,220 से अधिक पशुधन की हानि हुई है। प्राकृतिक आपदा से 2,103 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि 7,947 मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है। किसानों की 6,154 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में लगी फसलें भी प्रभावित हुई हैं।

जनहानि से लेकर मकान और फसल क्षति तक सहायता का त्वरित वितरण

इसके अतिरिक्त 20.26 लाख की सहायता राशि शीघ्र ही संबंधित हितग्राहियों के खातों में भेजी जाएगी। इसी प्रकार फसल क्षति के लिए 12.82 लाख की क्षतिपूर्ति राशि जारी की जा चुकी है, जबकि 4.96 लाख से अधिक की राशि का वितरण शेष है।इस प्रकार जनहानि, पशुहानि, मकान एवं फसल क्षति से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा सहायता और क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ाई जा रही है।

न्यूज गैलरी

उप मुख्यमंत्री साव सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिंतन शिविर में हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव गुजरात के नर्मदा में आज से शुरू हुए सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शामिल हुए। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 'गतिशक्ति से प्रगति' थीम पर इसका आयोजन किया गया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने चिंतन शिविर का शुभारंभ किया। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा भी इस दौरान मौजूद थे। देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सड़क निर्माण से जुड़े विभागों के मंत्री, अधिकारी, विशेषज्ञ एवं नीति निर्माता इस राष्ट्रीय चिंतन शिविर में भागीदारी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री श्री साव के साथ लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी, अपर सचिव एस.एन. श्रीवास्तव और राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप भी चिंतन शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। चिंतन शिविर में भाग ले रहे विभिन्न राज्यों के मंत्रियों, अधिकारियों, विशेषज्ञों एवं नीति निर्माताओं ने आज तीन सत्रों में भविष्य में बनने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की डिजाइन, गुणवत्ता, रोड सेफ्टी और परियोजना प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की।

सहयोग केन्द्र में मंत्री गुरु खुशवंत को मिली 150 से अधिक शिकायतें

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में संचालित 'सहयोग केंद्र' में सोमवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं सहयोग केंद्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने भी मौजूद रहे। सहयोग केंद्र में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएँ, शिकायतें और मांग पत्र कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखे। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सभी आवेदकों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। कई मामलों में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को फोन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, वहीं नीतिगत एवं प्रक्रियाधीन मामलों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सहयोग केंद्र का मुख्य उद्देश्य आम जनता और शासन के बीच सेतु का कार्य करना है, ताकि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की समस्याओं का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान हो सके।

जनसंपर्क अधिकारी विकास शर्मा को राष्ट्रीय राजभाषा गौरव सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंधक (जनसंपर्क) विकास शर्मा को ऊर्जा क्षेत्र के विकास पर केंद्रित शोध परक पुस्तक लेखन एवं संपादन के लिए राष्ट्रीय राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय राजभाषा सम्मेलन में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल, रबींद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटीज के कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे, सम्मेलन के संयोजक डॉ अजीत पाठक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।3 और 4 अक्टूबर को आयोजित सम्मेलन में राजभाषा कार्यान्वयन, हिंदी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हिंदी पत्रकारिता, हिंदी में शोध तथा गैर-हिंदीभाषी राज्यों में राजभाषा के प्रयोग जैसे विषयों पर विमर्श हुआ। सम्मेलन में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, सेल, नालको और एनएमडीसी सहित प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों समेत निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।श्री शर्मा को छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र की विकास यात्रा पर केंद्रित 'सफलता का सफरनामा' पुस्तक के संकलन ,लेखन एवं संपादन के लिए पूर्व में पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक पदक से सम्मानित किया जा चुका है। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया ने इस पुस्तक को राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किया है।

प्रेसवार्ता: ब्लॉक स्तर पर बनेगी केंद्र की योजनाओं वाली रंगोली

प्रधानमंत्री मोदी के सेवाकाल के 25 साल पूरे, 7 से हर विधानसभा में यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवाकाल के 25 साल पूरे होने के मौके पर भाजपा छत्तीसगढ़ में 7 अक्टूबर को विशेष कार्यक्रम करेगी। इसके तहत प्रदेश की हर विधानसभा में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी।इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में शामिल होंगे। यात्रा के बाद लोगों को विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया जाएगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अभियान की जानकारी दी। नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे हो रहे हैं।भाजपा इसे सेवा संकल्प अभियान के रूप में मना रही है। इसके तहत पूरे देश में एक महीने तक अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। हर विधानसभा में निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा 7 अक्टूबर को प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए हर विधानसभा में किसी बड़े शहर या प्रमुख स्थान को केंद्र बनाया जाएगा। यात्रा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ आम लोगों को भी जोड़ा जाएगा।भाजपा नेताओं के मुताबिक यात्रा के बाद विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया जाएगा। जिला स्तर पर भी सेवा ज्योति कलश यात्रा शुरू की जाएगी।

हर ब्लॉक में बनेगी बड़ी रंगोली

अभियान के तहत 7 अक्टूबर को प्रदेश के हर ब्लॉक में बड़ी रंगोली भी बनाई जाएगी। इसमें केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास से जुड़े कामों को दिखाया जाएगा। यानी रंगोली के जरिए लोगों को यह बताया जाएगा कि पिछले वर्षों में केंद्र की योजनाओं से किन क्षेत्रों में काम हुआ है।राजधानी रायपुर में चार विधानसभा क्षेत्र हैं, इसलिए यहां बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भी शामिल होने की बात भाजपा ने कही है।

पीएम मोदी के नाम होगा संबोधन

रामविचार नेताम ने कहा कि 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के नाम संबोधन का कार्यक्रम भी होगा। भाजपा इस दिन को विशेष दिवस के तौर पर मना रही है।उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में काम हुए हैं। किसानों से लेकर दूसरे सेक्टर तक सरकार की योजनाओं का असर दिखाई दे रहा है और वैश्विक स्तर पर भी भारत का सम्मान बढ़ा है।

धान खरीदी से पहले गिरदावरी की होगी मॉनिटरिंग

धान खरीदी से पहले गिरदावरी को लेकर उठ रहे सवालों पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि इसमें किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। विभाग इसकी लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। धान खरीदी को लेकर अधिकारी भी समीक्षा कर रहे हैं और समय-समय पर इसकी स्थिति देखी जा रही है।एसआईआर को लेकर कांग्रेस के सवाल उठाने पर नेताम ने कहा कि सरकार कांग्रेस के कहने के हिसाब से काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि शासन जो निर्देश देगा, उसी के अनुसार काम होगा।

फरार शोएब ढेबर पर 5000 का इनाम घोषित

गैंगस्टर-बिश्नोई के नाम पर फोन कर मांगे थे 25 करोड़, पुलिसकर्मियों की सूचना पर भागा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के कांग्रेस नेता आनंद कुकरेजा से 25 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले आरोपी शोएब ढेबर पर पुलिस ने 5 हजार रुपए इनाम घोषित किया है। कार्यालय पुलिस उपायुक्त मध्य क्षेत्र के कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, आरोपी का पता बताने वाले को इनाम दिया जाएगा। आदेश में पुलिस अधिकारियों ने लिखा है कि, आरोपी लगातार पुलिस से बचने के लिए ठिकाने बदलकर फरार चल रहा है । पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी या गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले व्यक्ति को इनाम देने की घोषणा की है।

दो कॉन्स्टेबलों को अफसरों ने किया लाइन अटैच

शोएब ढेबर की तलाश में जुटे पुलिस अधिकारियों ने बीते दिनों एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट में तैनात दो पुलिसकर्मियों पर एक्शन लिया है। इन पुलिसकर्मियों का नाम कॉन्स्टेबल शिवम द्विवेदी और राहुल सिंह गौतम बताया जा रहा है।इन पुलिसकर्मियों संबंधित केस में विभाग की गोपनीय जानकारी लीक करने का आरोप है। हालांकि कार्रवाई करने वाले अधिकारियों ने इन आरोपों की अधिकृत पुष्टि नहीं की है।

सूचना देने वाले को मिलेगा इनाम

पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) तारकेश्वर पटेल ने पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 80-ए के तहत इनाम की घोषणा की है। आदेश के मुताबिक, जो व्यक्ति शोएब ढेबर को गिरफ्तार करेगा, उसकी गिरफ्तारी करवाएगा या ऐसी विश्वसनीय सूचना देगा, उसे 5 हजार रुपए कैश पुरस्कार दिया जाएगा। इनाम देने का अंतिम निर्णय डिप्टी पुलिस कमिश्नर मध्य क्षेत्र रायपुर का होगा।

शोएब ढेबर की जमानत याचिका भी खारिज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी देकर 25 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी शोएब ढेबर को कोर्ट से झटका लगा है। शोएब ढेबर की जमानत याचिका डीजे कोर्ट (जिला एवं सत्र न्यायालय) ने खारिज कर दी है। बता दें कि न्यायालय से जमानत याचिक खारिज होने के बाद आरोपी की ओर से पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में 70 गाड़ियों पर कार्रवाई

9 चौक-चौराहों पर जांच, अब तक ड्रिंक एंड ड्राइव के 4,039 मामले आए सामने

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में रात के समय शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई की। 4 अक्टूबर की दरमियानी रात शहर के 9 प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर लगाए गए जांच पॉइंट में 80 वाहन चालकों पर कार्रवाई हुई। इनमें 48 चालक शराब के नशे में वाहन चलाते मिले।

खास बात यह रही कि कार्रवाई की जद में आए वाहनों में 36 दोपहिया और 34 कारें थीं। यानी एक ही रात में 70 निजी वाहन चालकों पर कार्रवाई हुई। इसके अलावा 8 ट्रक-टैंकर, एक बस और एक पिकअप भी कार्रवाई में शामिल रहे।

ब्रीथ एनालाइजर से जांच, 48 ड्रंक ड्राइवर मिले

डीसीपी ट्रैफिक एवं प्रोटोकॉल डॉ. अर्चना झा के निर्देशन में हुई जांच के दौरान वाहन चालकों का ब्रीथ एनालाइजर से परीक्षण किया गया। शराब के नशे में वाहन चलाते मिले 48 चालकों के खिलाफ वैधानिक प्रक्रिया शुरू की गई।वहीं, मोटरयान अधिनियम के दूसरे नियमों का उल्लंघन करने वाले 32 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई।

इस साल अब तक 4,039 ड्रिंक एंड ड्राइव केस

रायपुर यातायात पुलिस के अनुसार, 2026 में अब तक ड्रंक एंड ड्राइव के 4,039 मामलों में वैधानिक कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस का कहना है कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए रात में ऐसे जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे।डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा ने लोगों से अपील की है कि शराब का सेवन करने के बाद वाहन न चलाएं। जरूरत होने पर कैब, ऑटो या किसी अन्य सुरक्षित साधन का इस्तेमाल करें।सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस का साफ संदेश है- शराब पीकर वाहन चलाना खुद के साथ दूसरों की जान को भी खतरे में डालना है।

70 निजी वाहन चालक कार्रवाई की जद में

पुलिस की कार्रवाई में 36 दोपहिया और 34 कारें शामिल रहीं। इसके अलावा 8 ट्रक-टैंकर, एक बस और एक पिकअप चालक के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।यातायात पुलिस के मुताबिक, शराब पीकर वाहन चलाने से चालक की निर्णय लेने की क्षमता और प्रतिक्रिया का समय प्रभावित होता है। इससे अचानक ब्रेक लगाने, मोड़ लेने या सामने आए खतरे पर प्रतिक्रिया देने में देरी हो सकती है और हादसे का खतरा बढ़ जाता है।

भाजपा के लिए ओबीसी सिर्फ वोट बैंक है, जनगणना से लेकर आरक्षण तक वादाखिलाफी: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार पर प्रदेश की बहुसंख्यक आबादी, अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय और विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा के लिए ओबीसी सिर्फ वोट बैंक है, जब गिनती की बात आती है तो फॉर्म से गायब, जब हक की बात आती है तो राजभवन में फाइल दबा दी जाती है। जो भाजपा चुनाव में ओबीसी का नाम जपकर वोट मांगती है, सत्ता में आते ही उसी समाज के पीठ पर छुरा घोंपने का काम करती है। एक तरफ राष्ट्रीय जनगणना के फॉर्म से ओबीसी की गिनती का स्पष्ट कॉलम गायब कर दिया गया है, तो दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ की विधानसभा द्वारा पारित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण बिल को 2 दिसंबर 2022 से आज तक दबाकर रखा गया है। भाजपा का सीधा मंत्र हैकृवोट लेंगे ओबीसी का, अधिकार देंगे दूसरों को?

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा ओबीसी कल्याण और सबका विकास का दावा करती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में ओबीसी की आबादी लगभग आधे से अधिक है, फिर भी राज्य में 27 प्रतिशत आरक्षण के विधेयक को कानून बनाने में टालमटोल की जा रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के दौरान सर्वसम्मति से विधानसभा द्वारा पारित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण विधेयक पर राज्यपाल के माध्यम से रोड़ा अटकाना और केंद्र स्तर पर जनगणना में ओबीसी के लिए स्पष्ट कॉलम शामिल न करना, जातियों की ड्रॉप डाउन सूची न होना यह दर्शाता है कि भाजपा की नीति केवल वोटों तक सीमित है, संवैधानिक अधिकारों तक नहीं।

युवक कांग्रेस चुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ, रद्द हो : डहरिया

ओटीपी और तकनीकी गड़बड़ी के आरोपों के बीच पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने चुनाव रद्द करने की मांग की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। फर्जी वोटिंग, तकनीकी गड़बड़ी और ओटीपी के कथित दुरुपयोग के आरोपों के बीच अब कांग्रेस के भीतर से ही चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने युवा कांग्रेस का चुनाव रद्द करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस बार

चुनाव निष्पक्ष तरीके से नहीं हो पाया और पूरे मामले में चुनाव प्राधिकरण को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

बताया जा रहा है कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से करीब 400 शिकायतें चुनाव प्राधिकरण तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया की जांच पूरी होने तक परिणाम घोषित नहीं करने और जरूरत पड़ने पर चुनाव को रद्द कर दोबारा कराने की मांग की है। जशपुर में मतदान बंद होने के बाद वोट जुड़ने का दावाजशपुर में कुनकुरी नगर पंचायत अध्यक्ष और युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विनयशील ने मतदान प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि मतदान समाप्त होने के बाद उनके मोबाइल नंबर से जुड़ी आईडी में सात अतिरिक्त अनपेड वोट दिखाई दिए। उनके मुताबिक इनमें कोरबा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और सूरजपुर से जुड़े वोट शामिल थे। उन्होंने पूरे मामले की तकनीकी जांच कराने की मांग की है।राजनांदगांव में शहर जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमर झा और विप्लव शर्मा ने आरोप लगाया कि उनकी मोबाइल आईडी से छेड़छाड़ कर दूसरे प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डाले गए।

दिल्ली में चुनाव आयोग पर सवाल, छत्तीसगढ़ में अपने चुनाव पर विवाद

युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर सामने आए विवाद के बीच राजनीतिक तौर पर कांग्रेस पर भी सवाल उठ रहे हैं। पार्टी के शीर्ष नेता जहां दिल्ली में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में पार्टी के आंतरिक संगठन चुनाव के दौरान नियुक्त चुनाव अधिकारियों की भूमिका पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतों का मामला अब प्रदेश से आगे बढ़कर राष्ट्रीय स्तर के चुनाव प्राधिकरण तक पहुंचने की बात कही जा रही है।

भिलाई-दुर्ग में फर्जी पहचान से वोटिंग का आरोप

भिलाई-दुर्ग में युवा कांग्रेस चुनाव के दौरान फर्जी वोटिंग और तकनीकी गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। खुर्सीपार के शासकीय आईटीआई में फर्जी मतदाता पहचान पत्र के जरिए ऑनलाइन मतदान कराने का आरोप लगाया गया। प्रत्याशी अर्जुन शर्मा की ओर से खुर्सीपार थाने में शिकायत किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा कॉल सेंटर के माध्यम से दूसरे लोगों की पहचान का इस्तेमाल कर वोटिंग कराए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं।

14.56 लाख से ज्यादा वोटिंग के बीच उठे सवाल

युवा कांग्रेस के संगठन चुनाव में करीब 14 लाख 56 हजार वोट पड़ने की जानकारी सामने आई है। इसी बीच प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विनयशील ने मतदान में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए इस्तेमाल किए गए एप की तकनीकी जांच की मांग की। विनयशील ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उनके एप अकाउंट में सात नए अनपेड वोट जुड़ गए। उनके अनुसार इनमें सूरजपुर से एक, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से चार और कोरबा से दो वोट दिखाई दिए। उन्होंने दावा किया कि इन वोटों के लिए उन्होंने स्वयं मतदान नहीं कराया और ये वोट प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी क्रमांक चार के पक्ष में दर्ज हुए।

सुविचार

अकेले में कभी खुद से सवाल करो कि आपके न रहने पर किसको सबसे ज्यादा फर्क पड़ेगा? फिर उसी के लिए जीयो बाकी को उनके हाल पर छोड़ दो। - अज्ञात

महिला सुरक्षा पर सुको की कड़ी टिप्पणी

देश की राजधानी नई दिल्ली में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को स्वतः संज्ञान में लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि असमाजिक तत्वों और अपराधियों में कानून का खौफ होना चाहिए। यदि कोई महिलाओं के प्रति अपराध करता है तो उसके मन में यह भय होना चाहिए कि वह मारा जाएगा। संभवतः पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में इतनी कड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से महिलाओं के प्रति अपराध की रिपोर्ट भी तलब की है और चार सप्ताह बाद इस मामले में फिर से सुनवाई की तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देशित किया है कि वह स्कूलों कॉलेजों और पार्कों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम करें इसके तहत सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें। महिलायें रात में भी खुद को सुरक्षित महसूस करें यह दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि 2012 में बहुचर्चित निर्भया कांड के बाद देशव्यापी आंदोलन छिड़ा था और इसके बाद महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और पीड़ित महिलाओं को त्वारित न्याय दिलाने के लिए तत्कालीन केन्द्र सरकार ने कड़े कदम उठाये थे इसके बाद रेप के आरोपियों की सजा को और सख्त बनाने का काम मौजूदा एनडीए सरकार ने भी किया है। इसके बावजूद महिलाओं के प्रति हिंसा और रेप की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। इसके विपरीत महिलाओं के प्रति अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। महिलायें आज न तो घर में सुरक्षित हैं न ही बाहर सुरक्षित हैं। उनके भीतर असुरक्षा की भावना इस कदर घर कर चुकी है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब नई दिल्ली के एक विश्व विद्यालय की छात्राओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। समय-समय पर रेप के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग भी उठती रही है। ताकि आपराधिक तत्वों में कानून के प्रति भय पैदा हो। बहरहाल नई दिल्ली और एनसीआर में रेप की बढ़ती घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो सख्त रूप अख्तियार किया है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अब नई दिल्ली पुलिस और अधिक चौंकसी के साथ महिलाओं की सुरक्षा करेगी। बात सिर्फ देश की राजधानी नई दिल्ली की ही नहीं है बल्कि देश के अन्य नगरों और महानगरों में भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति है यह भारत के लिए शर्म की बात है कि विदेशों से पर्यटन के लिए भारत आने वाली महिलाओं के लिए वहां की सरकारों को यह एडवाइजरी जारी करनी पड़ती है कि वे भारत में भ्रमण के दौरान सतर्कता बरतें और अकेले कहीं जाने से बचें। इसी से स्पष्ट है कि भारत में महिला सुरक्षा का सवाल कितना सोचनीय और चिंतनीय बन चुका है। देश की आधी आबादी को सुरक्षित माहौल मिले इसके लिए सरकार को भी कारगर कदम उठाने होंगे और महिलाओं के प्रति अपराध को रोकने के लिए और कड़े कानूनी प्रावधान करने पड़ेंगे।

एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का हल्लाबोल

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर के खात्मे की मांग को लेकर विपक्ष का हल्लाबोल तीसरे दिन भी जारी रहा। राजधानी नई दिल्ली से लेकर मुंबई तक विपक्षी पार्टियों का धरना प्रदर्शन बदस्तूर जारी है। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की तीन सूत्रीय मांगे रखी हैं उनका कहना है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का तत्काल इस्तीफा हो और एसआईआर रद्द किया जाये और इवीएम के बदले फिर से बैलेट पेपर पर चुनाव कराये जाएं। कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद ने तो अब तक हुए सभी चुनावों को असंवैधानिक करार देते हुए फिर से लोकसभा चुनाव कराने और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की भी मांग कर दी है। आम आदमी पार्टी और कॉरोच जनता पार्टी तथा वामपंथी पार्टियां भी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने की मांग को लेकर निरंतर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इन प्रदर्शनों को देखकर लगता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विरोध की आवाज आगे और तेज होगी और इस आंदोलन का भी विस्तार होगा। सभी विपक्षी पार्टियों को अपनी मांगों के लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन करने का अधिकार है लेकिन आंदोलन का नेतृत्व करने वाले नेताओं को अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। मुंबई में आंदोलन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए जिस तरह तू तड़ाक की और असभ्य भाषा बोली है वह कतई उचित नहीं है। ऐसे नेता शालीनतापूर्वक भी अपनी बात रख सकते हैं। बद्जुबानी करने से उन्हें भले ही मीडिया की सुर्खियां मिल जाये लेकिन वे लोगों की सहानुभूति खो सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि चुनाव आयुक्त और एसआईआर की प्रक्रिया के विरोध में आंदोलन के दौरान बद्जुबानी से बचा जाये और अपनी मांगों को सभ्यता के दायरे में पुरजोर ढंग से रखा जाये अन्यथा ऐसे आंदोलन जनसमर्थन खोकर निष्प्रभावी सिद्ध होंगे।

आदिवासी इलाकों में घाव कुरेदने के बजाय विकास का विश्वास देखने की जरुरत



पद्मश्री आलोक मेहता
वरिष्ठ पत्रकार

कांग्रेस और प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों मध्य प्रदेश के बालाघाट ज़िले के जगला गाँव (बिरसा ब्लॉक) के दौरे में आदिवासियों से बातचीत के दौरान बैगा आदिवासी बहुल इलाकों में बीमारी, गंभीर कुपोषण, मलेरिया और दूषित पानी के कारण बच्चों की हुई मौतों पर गहरा दुख जताया और इसे सरकार की 100 प्रतिशत विफलता बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि 'ऐसा लगता है जैसे देश के बीचों-बीच रहने वाले आदिवासी परिवारों को पूरी तरह से अकेला छोड़ दिया गया है, और न तो केंद्र सरकार और न ही मध्य प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है।' क्या आदिवासी समाज की पूरी कहानी केवल किसी दुखद घटना, गरीबी, कुपोषण अथवा सरकारी विफलता की कहानी है?

क्या पिछले वर्षों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और दूसरे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के क्षेत्र में हुए बदलावों की भी चर्चा नहीं होनी चाहिए और खासकर 2026 में जब भारत सरकार ही नहीं दुनिया देश को नक्सल-मुक्त बनाने के अभियान की सफलता की तारीफ़ कर रही है। आदिवासी क्षेत्रों ने दशकों तक दोहरी मार झेली है।एक ओर गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और प्रशासन की पहुंच जैसी समस्याएं थीं। दूसरी ओर नक्सल हिंसा थी। नक्सलवाद ने सबसे ज्यादा नुकसान उन्हीं इलाकों को पहुंचाया जिनके नाम पर उसकी राजनीति की जाती थी।

इसे संयोग ही कहा जाएगा कि जिस समय राहुल गांधी आदिवासियों की अनदेखी पर राजनीति कर भोले भाले लोगों को भड़का रहे थे, उन्हीं दिनों मैं आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ की यात्रा कर रहा था। वह भी एक पत्रकार यशवंत धोटे द्वारा 15 वर्ष पहले शुरु किए गए **दैनिक 'नव प्रदेश'** द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवा करने वाले युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों के सम्मान के लिए आयोजित समारोह को देखने के लिए आयोजन राजधानी रायपुर से दूर बेमेतरा में हुआ, जहाँ आदिवासी बच्चियों, महिलाओं पुरुषों ने गीत संगीत नृत्य से सबके साथ मुझे भी बहुत प्रसन्न और प्रभावित किया। समारोह के पहले और बाद में सामान्य लोगों, भाजपा और कांग्रेस से जुड़े कुछ नेताओं से बातचीत में अहसास हुआ कि छत्तीसगढ़ में सचमुच नया विश्वास आ रहा है। अब उन्हें माओवादियों की बंदूकों का डर नहीं, जल्दी से जल्दी अच्छी सड़कें, शिक्षा और स्वास्थ्य तथा अपने बनाए कुटीर उद्योग के सामान के दूर तक पहुंचाकर आमदनी बढ़ाने की चाह है। पत्रकार के नाते मैं 1976 से समय समय पर छत्तीसगढ़ जाता रहा हूँ। उन दिनों बस से बस्तर तक की कठिन यात्राएं भी की हैं। बस्तर के गाँव के हाट बाजार में 20 मील दूर से केवल नमक खरीदने के लिए आने वाले आदिवासियों से स्थानीय व्यक्ति से उनकी भाषा समझकर बात की थी। तब आदिवासियों ने बताया था कि वे किसी तरह पेड़ पत्तों और लाल काले चींटों को खाने के लिए यह नमक लेने आते हैं। फिर कुछ वर्ष बाद नक्सल माओवादी हिंसा ने इस इलाके को प्रभावित किया। लेकिन पिछले कुछ वर्षों मं दो तीन यात्राओं के दौरान रायपुर बिलासपुर दुर्ग ही नहीं बस्तर जगदलपुर और दंतेवाड़ा में आदिवासियों की जिंदगी में भारी बदलाव और आर्थिक विकास आत्म निर्भरता का विश्वास देखने को मिला। कांग्रेस राज में राजनीतिक उदारता मानव अधिकारों के नाम पर माओवादी नक्सली तत्वों और उनकी सहायता करने वाले शिक्षित लोगों को छूट दी गई। जिससे सड़क बनाने वाले मजदूरों को धमकाया गया। स्कूल भवनों को उड़ाया गया। पुलों को निशाना बनाया गया। मोबाइल टावरों और सरकारी संस्थानों को नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस, सुरक्षा बलों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की हत्या हुई। इसलिए आज जब सुरक्षा के हालात बदल रहे हैं, तब राहुल गांधी द्वारा केवल यह पूछना पर्याप्त नहीं कि सरकार ने क्या नहीं किया।यह भी बताना चाहिए कि अब क्या संभव हो रहा है? आख़िरकार पड़ोसी तेलंगाना , आंध्र और झारखण्ड में गैर भाजपा सरकारें हैं। वे भी नक्सल प्रभावित रहे और अब केंद्र की मोदी सरकार के सहयोग से आदिवासी इलाकों में विकास के कार्य कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्षों में नक्सलवाद को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या के रूप में प्रस्तुत नहीं किया। उनकी सरकार ने सुरक्षा अभियान के साथ सड़क, मोबाइल कनेक्टिविटी, बैंकिंग, शिक्षा और सरकारी योजनाओं की पहुंच को भी रणनीति का हिस्सा बनाया। कभी हिंसा और पिछड़ेपन से प्रभावित क्षेत्रों में अब बड़े पैमाने पर प्रगति हो रही है। उन्होंने विशेष रूप से 12,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों, मोबाइल टावरों, बैंकिंग, डाक और संचार नेटवर्क का विस्तार हो रहा है । उन्होंने बस्तर ओलंपिक्स को भी उस बदलाव का प्रतीक बताया जिसमें युवाओं की आकांक्षाएं हिंसा के पुराने भय की जगह ले रही हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं। इसलिए उनके सामने अवसर भी बड़ा है और जिम्मेदारी भी। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री साय, पूर्व मुख्यमंत्री और विधान सभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह से भी आदिवासी इलाकों की चुनौतियों और विकास कार्यों पर थोड़ी अनौपचारिक चर्चा हुई। यह भी महत्वपूर्ण है कि छत्तीसगढ़ और ओडिसा में पहली बार आदिवासी मुख्यमंत्री बने हैं। गैर राजनीतिक लोगों से भी कुछ बातचीत हुई। हाँ तब सांसद और केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय ने डॉक्टर अमन सिंह के साथ आदिवासी इलाकों में जमीनी संघर्ष और हर संभव विकास के काम भी किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की नक्सल विरोधी नीति ने सुरक्षा अभियान को निर्णायक रूप दिया और मई 2026 में अमित शाह ने बस्तर में नक्सल-मुक्ति की घोषणा कीनक्सलवाद समाप्त होने के बाद बस्तर को देश के सबसे पिछड़े और हिंसा प्रभावित क्षेत्र की पहचान से निकालकर विकास के नए मॉडल में बदलना एक ऐतिहासिक चुनौती है।सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वन उपज, पर्यटन, स्थानीय रोजगार और कौशल विकास–इन सभी क्षेत्रों में समानांतर काम हो रहा है ।बस्तर की अर्थव्यवस्था में आदिवासी समुदाय की भागीदारी बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है।सरकार द्वारा वन उपज, कृषि, डेयरी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की योजनाएं तभी सफल मानी जाएंगी जब उनका वास्तविक आर्थिक लाभ गांव के परिवारों तक पहुंचे। केंद्र की ओर से भी बस्तर में सहकारी डेयरी, 'सेवा डेरा', 'बस्तर ओलंपिक्स' और 'बस्तर पंडुम' जैसे कार्यक्रमों को विकास एवं सामाजिक भागीदारी से जोड़ा गया है। आदिवासी युवाओं के सामने पहली बार अलग भविष्य दिख रहा है ।

नक्सलवाद की सबसे बड़ी मानवीय कीमत युवा पीढ़ी ने चुकाई। युवाओं को आई टी आई, कौशल प्रशिक्षण, खेल, पर्यटन, कृषि-प्रसंस्करण, वन उत्पाद आधारित उद्योग, छोटे कारोबार और सरकारी योजनाओं से जोड़ना होगा। आदिवासी समाज को केवल पीड़ित समुदाय के रूप में प्रस्तुत करना भी उचित नहीं है । आदिवासी समाज आज परिवर्तन चाहता है। वह अपने बच्चों के लिए सरकारी नौकरी ही नहीं, निजी क्षेत्र और उद्यमिता के अवसर भी चाहता है।और सबसे महत्वपूर्ण–वह भयमुक्त जीवन चाहता है।नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई का अंतिम लक्ष्य केवल बंदूकें शांत करना नहीं, बल्कि आदिवासी परिवारों के जीवन में स्थायी शांति, सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य और समृद्धि लाना होना चाहिए। यही वह कसौटी है जिस पर आने वाले वर्षों में मोदी सरकार, राज्य सरकारों और विपक्ष–सभी को परखा जाएगा।

एशियन गेम्स में दुनिया ने देखा भारत की नारी शक्ति का दम

सुश्री निर्मला भूरिया
मंत्री, मध्य प्रदेश शासन

एशियन गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश को 85 पदक दिलाए और पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। भारत के खाते में 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक आए। इस उपलब्धि की सबसे गौरवपूर्ण तस्वीर यह है कि महिला खिलाड़ियों ने 38 पदक अपने नाम किए, जो पुरुष खिलाड़ियों के बराबर हैं। इनमें 11 स्वर्ण पदक महिला खिलाड़ियों और महिला टीमों ने जीते। भारत की बेटियों का यह प्रदर्शन केवल खेल की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह बदलते भारत और सशक्त होती नारी शक्ति की तस्वीर है। क्रिकेट में भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, वहीं महिला कबड्डी और महिला हॉकी टीम ने भी स्वर्णिम सफलता हासिल की। महिला हॉकी टीम की स्वर्णिम वापसी विशेष रूप से ऐतिहासिक रही, जिसने 44 वर्ष बाद एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

एशियन गेम्स में भारतीय बेटियों की सफलता महिला सशक्तिकरण की सबसे प्रभावशाली तस्वीर है। आज हमारी बेटियां केवल खेल के मैदान में पदक नहीं जीत रहीं, बल्कि वे देश की करोड़ों बेटियों के सपनों को भी नई दिशा दे रही हैं। उनकी सफलता यह विश्वास मजबूत करती है कि बेटी को अवसर, प्रोत्साहन और विश्वास दिया जाए तो वह किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च शिखर तक पहुंच सकती है।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी भारतीय बेटियों ने नए इतिहास रचे। कुमकुम मोहोड ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व में भारत के लिए पहला एशियन गेम्स स्वर्ण पदक जीता। महिला रिकर्व टीम ने भी स्वर्ण अपने नाम किया। निशानेबाजी में नीरू धांडा ने स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन और परवीन हुड्डा ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि गोल्फ में प्रणवी उर्स ने भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल किया। मीराबाई चानू ने भारोत्तोलन में रजत पदक जीतकर भारत के लिए इस खेल में लंबे अंतराल के बाद पदक दिलाया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में मध्यप्रदेश की बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा और मेहनत का परचम लहराया। प्रदेश की क्रिकेटर क्रांति गौड़ भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा बनीं। छोटे से गांव से निकलकर एशियन गेम्स जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचकर स्वर्ण पदक जीतना उनकी मेहनत और संघर्ष की प्रेरक कहानी है। निशानेबाजी में मध्यप्रदेश की नीरू ढांडा ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने ट्रैप मिक्स्ड टीम में भी स्वर्ण और महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इस तरह नीरू ने एशियन गेम्स में तीन पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया। निशानेबाजी में ही मध्यप्रदेश की आशी चौकसे ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि मनीषा कीर ने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इसी तरह मध्यप्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय सेलर हर्षिता तोमर ने 49द्गह्न स्नङ्ग महिला स्किफईवेंट में कांस्य पदक हासिल किया है।

भारतीय महिला हॉकी टीम की स्वर्णिम सफलता में भी मध्यप्रदेश की बेटियों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। ईशिका चौधरी, बिच्छू देवी और सुशीला चानू भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रहीं, जिसने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। एक बेटी की सफलता केवल उसकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होती, बल्कि वह पूरे परिवार, समाज और देश की सोच को बदलने की ताकत रखती है। एशियन गेम्स में बेटियों की सफलता उन सभी परिवारों के लिए प्रेरणा है, जो अपनी बेटियों को खेल, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन, उद्यमिता और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए वातावरण तैयार हुआ है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने तक की सोच अब जमीन पर दिखाई दे रही है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग महिलाओं और बेटियों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1723 - बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे। 1762 - ब्रिटिश सैनिकों ने फिलीपींस के मनीला पर क़ब्ज़ा किया। 1862 - भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ। 1919 - तांबुलीस्की बुल्गारिया के प्रधानमंत्री बने। 1935 - भारत में 32 साल के सबसे लंबे समय तक अंपायरिंग करने वाले जीवन डी घोष का बंगाल में जन्म हुआ। 1957 - सोवियत संघ ने नोवाया ज़ेमल्या में परमाणु परीक्षण किया। 1972 - मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरने से 208 लोगों की मौत। 1980 - गुयाना ने संविधान को अंगीकार किया। 1981 - काहिरा में सैनिक परेड के दौरान एक सैनिक समूह द्वारा मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की हत्या। 1983 - पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया गया। 1987 - फिजी एक गणराज्य घोषित हुआ। 1994 - यूनेस्को ने वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्र सहिष्णुता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की। 1995 - दो स्विस वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के सौर व्यवस्था के बाहर गृह की पहली बार पहचान की। 2000 - इस्रायली पुलिस द्वारा अलअक्सा मस्जिद में जबरन प्रवेश के बाद हिंसा शुरू, यूगोस्लाविया में रक्तहीन जनक्रान्ति के बीच राष्ट्रपति मिलोसेविच देश छोड़कर भागे, विपक्षी नेता कोस्तुनिका ने स्वयं को राष्ट्रपति घोषित किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दर्द क्या है... मीठा-सा एहसास, जो मन की टीस में मौन ठहरता है... दर्द अश्रु है, एक खालीपन, जो आँखों में खोकर खूब बरसता है... दर्द क्यों है... अनजाने सफ़र में, विश्वास से बिछड़कर आस के लिए तरसता है... दर्द हिस्सा है... एक सच में जीता है, झूठ से हटकर सब्र के साथ चहकता है.... दर्द कैसा है... बेचैनी में दिखती तड़प, चाहतों का जहाँ लिए बस साथ चलता रहता है... कि दर्द नाकामयाबी नहीं, दर्द तो एक हिस्सा है, सफ़र में खुद के होने का एक किस्सा है...!!

- नंदिता तनूजा

होती है कमजोर ही, उस घर की प्राचीर। बड़े बुजुर्गों का गिरा, जहां नैन से नीर।। खुशियों का मिलता नहीं, वहां कभी वरदान। बड़े बुजुर्गों का किया, जहां नही सम्मान।। बडे बुजुर्गों का कभी, होता नही जवाब। जिनके अनुभव से बने,इक जीवंत किताब।। किया नही तो ठीक है, पितृ पक्ष में दान। करो न पर मां बाप का,जीते जी अपमान ।। **- रमेश शर्मा वरिष्ठ**

ये जो फीमेल फेमिनिस्ट हैं,आज मर्दों को सिर में दर्द,समोसा,कचौड़ी बतला रही हैं,वही इनका बोझ ट्रैन में,बस में,गाड़ी में उठाते हैं,इन्हें महिला सीट में बैठने में मजा आता हैं,लाइन में लगने से पहले लेडी फर्स्ट में खड़ी होती हैं,मर्दों को उठा कर खुद बैठ जाती हैं,ऐसी दोहरी नीति की मानसिकता लिए ऐसी फेमिनिस्ट चूल्हे में जाना चाहिए,उल्टा चोर कोतवाल को डांटे।

- मधुबाला मौर्या

जलेगा दिया रात भर धीरे-धीरे, छंटेगा अंधेरा, मगर धीरे-धीरे... जगेगा जगत, तोड़कर नींद गहरी , जगाने का होगा असर धीरे-धीरे... हृदय मे रहे साथ, पग मे रवानी, मिलें लक्ष्य के सब शिखर धीरे-धीरे... । **- निश्चय बाजपेई**

करंट मारतिया!! राजा जी, राउर ई बिजलिया, करंट मारतिया! घोड़ा जइसन अब दउड़ता ई बिजली के मीटर,जरत बाटे बलब लागता, चालू बाटे हीटर। रेंट से भी ई जादे अब डिफरमेंट काटतिया! करंट मारतिया! पहिले रुपया बाद रोशनी वाला ई मजमून, कोनो मुगल के लिखल बाटे बिजली के कानून। ई निगोडी सूदखोरी सेंट परसेंट करतिया! करंट मारतिया! राजा जी, राउर ई बिजलिया, करंट मारतिया। **- पंकज कुमार बसंत**

तोड़ देते हैं हौसले साथ चलने वाले खुद अपना हौसला बन सको तो चलो..! निगाहें में बस नही पाते चुभने वाले खुद अपनी चुभन सह सको तो चलो..! दिल न मोहब्बत न तिज़ारत की बात हो अपने दिल के तेवर बदल सको तो चलो। **- मधुलिका शुक्ला**



तुम्हारा प्रेम एकतरफा है इसलिए तुम नहीं खोजते हो, मिलन में संदेह तुम्हारे लिए नहीं जरूरी है देह प्रेम की समस्त अनुभूतियां कुछ उलझी हुई हिचकियां कुछ बेबाक कहानियां और कुछ बदरंग सिसकियां होती हैं तुम प्रेम में एकतरफा हो लेकिन अधूरे बिलकुल भी नहीं तुमको पूरा करता है आकाश जो निगाह भर तारों से भरा है तुमको पूरी करती हैं रातें जो उम्मीद और आशा से प्रज्जवलित है तुमको पूरा करता है सवेरा जो नवकिरण का संकेत है तुमको पूरा करती हैं सांझ जो ढलती है केसरी ओढ़नी संग तुम एकतरफा होकर, भी ब्रह्मांड में सबसे पूरे हो।

- अनुभूति 'अनु'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप महत्त्वपूर्ण कार्यो को भी दरकीनार करके अपनी मन पसंद गतिविधियों में दिन व्यतीत करना अधिक पसंद करेंगे।

वृषः आज का दिन आप सुख शांति से बितायेंगे। सेहत भी सामान्य बनी रहेगी। घर में मांगलिक कार्य के कारण अथवा अन्य घरेलु कार्यो में अधिक व्यस्त रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन सामान्य फलदायक रहेगा। कुछ विशेष कार्य नहीं रहने के कारण मध्यान तक आलस्य करेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिये आपके लिए अनुकूल रहेगा। मध्यान तक ज्यादा झंझट वाले कार्य से बचने का प्रयास करेंगे। किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए थोड़ा इन्तजार करना पदेगा।

सिंहः आज आपको दोपहर के बाद कष्ट का सामना करना पड़ेगा इससे पहले आवश्यक कार्य पूर्ण कर लें। व्यापार अथवा सामाजिक क्षेत्र में भी धोखा होने की अधिक संभावना है सतर्क रहें।

कन्याः आज का दिन बेहतर रहने वाला है परंतु विदेश सम्बंधित कार्यो में व्यवधान आने अथवा विदेश स्थित जातको को आकस्मिक कष्ट देखना पड़ेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिक समय ना देने पर भी आशा से अधिक लाभ होगा।

तुलाः आज का दिन आपकी आशाओं पर खरा उतरेगा। घर एवं बाहर अनुकूल वातावरण मिलने से मनचाहा कार्य करने में सुविधा रहेगी आज किसी बहुप्रतीक्षित कार्य के बनने की भी सम्भवना है।

वृश्चिकः आज दिन का आधा भाग व्यर्थ के कार्यो की व्यस्तता में बीतेगा लेकिन मध्यान के समय से मानसिक तनाव अनुभव करेंगे। घरेलु वातावरण पहले ही अशान्त रहेगा।

धनुः आज के दिन परिवार में अप्रिय घटना घटित होने से दुख के प्रसंग बनेंगे। प्रातः काल का समय आलस्य में बीतेगा। मध्यान तक वाणी व्यवहार को संयमित रखे किसी आस-पडोसी से वर्चस्व को लेकर टकराव की स्थिति बनने की संभावना है।

मकरः आज के दिन आप कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे परन्तु आज दुर्व्यसनों से दूर रहना अति आवश्यक है शरीर के साथ मान हानि भी होने की संभावना है।

कुंभः आज का दिन मिला-जुला फल देने वाला रहेगा। आर्थिक रूप से मध्यान तक का समय ठीक रहेगा रुके कार्यो से धन की आवक होगी।

मीनः आज का दिन पिछले कल से थोड़ा बेहतर रहेगा बस मध्यान तक का समय धैर्य से बिताने का प्रयास करें।

QUIZ TIME

1. सिंधु घाटी सभ्यता के लोग किस देवता की पूजा करते थे?
2. आईसीसी के नए उपाध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
3. 1730 के खेजड़ली बलिदान आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
4. सर क्रीक विवाद किन दो देशों के बीच है?
5. 29 सितंबर 2026 को मोरक्को की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया?



उत्तरमाला- 1 पशुपति महादेव (आद्य-शिव) और मातृदेवी (प्रकृति या उर्वरता की देवी) 2 तवेंगा मुकुहलानी 3 अमृता देवी बिश्नोई 4 भारत और पाकिस्तान 5 फातिमा ज़हरा अल मंसूरी

RamaQuiz

पहेली

शब्द सामर्थ्य -181

छिन्दरी बांध क्षेत्र में फिर 52 पत्ती खेल की चर्चा

जगह बदल-बदलकर गतिविधि संचालित होने की बात, स्थानीय लोगों ने निगरानी बढ़ाने की मांग की

छुईखदान/नवप्रदेश। छुईखदान क्षेत्र के छिन्दरी बांध के आसपास के जंगल क्षेत्र में एक बार फिर 52 पत्ती के खेल को लेकर चर्चा सामने आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ युवकों द्वारा कथित रूप से चकरी के माध्यम से जुआ खेले जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, मामले की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगल क्षेत्र होने के कारण यहां निगरानी अपेक्षाकृत कम रहती है। इसी बीच अलग-अलग स्थानों पर लोगों के एकत्र होने और 52 पत्ती का खेल होने की चर्चा सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि गतिविधि को एक ही स्थान पर संचालित करने के बजाय आसपास के क्षेत्र में जगह बदलने की बात भी सामने आई है।

लोगों के अनुसार: यदि इस तरह की गतिविधियां वास्तव में संचालित हो रही हैं तो इससे क्षेत्र में जुआ संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की आशंका है। हालांकि, इसमें कौन लोग शामिल हैं और वहां वास्तव में जुआ संचालित हो रहा है या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

निगरानी बढ़ाने की मांग

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से छिन्दरी बांध और आसपास के जंगल क्षेत्र में नियमित गश्त एवं निगरानी बढ़ाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पुलिस द्वारा समय-समय पर क्षेत्र में जांच की जाए तो ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है।

फिलहाल मामले को लेकर पुलिसः की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में स्थानीय लोगों द्वारा बताई जा रही जानकारी की वास्तविकता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। यदि जांच में जुआ संचालित होना पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

पीएम मोदी ने देशवासियों की तकदीर एवं तस्वीर बदल दी: देवांगन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के दौरान चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ग्राम नवागांव के आंगनबाड़ी में पहुंचे और आंगन मिलन सेवा के अंतर्गत वहां मौजूद बच्चों को न्यौता भोज दिया, जिसके तहत बच्चों को विभिन्न स्वादिष्ट पकवान दिए गए। इसके अलावा गर्भवती माताओं की गोदभराई और नौनिहाल बच्चों का अन्नप्राशन भी संपन्न कराया।

इसके बाद देवांगन ग्राम दुलना पहुंचे और वहां मां शीतला तालाब में ग्रामवासियों के साथ मां गंगा के रूप में तालाब की आरती की। दोनों ही ग्रामों में देवांगन ने लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी पिछले 25 वर्षों से सार्वजनिक जीवन में हैं । इस दौरान 12 वर्षों तक उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में गुजरातवासियों की सेवा की और पिछले 13 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में देशवासियों की सेवा करते हुए देश को सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित बनाए हुए हैं। उनका पूरा प्रयास है कि देश और देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर हो, इसके लिए उनके नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। यशस्वी मोदी जी ने भारतवासियों की तकदीर एवं तस्वीर बदल दी। ये केवल कुछ ही महत्वपूर्ण आंकड़े हैं, जो मोदी जी द्वारा देश में किए गए विकास को बताने के लिए पर्याप्त हैं, जो बताते हैं कि देश का विकास करने के लिए नेक नीयत और दृढ़ संकल्प व इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर हो रहा

देवांगन ने कहा कि 2014 से पहले देश में 7 एम्स (सिर्फ दिल्ली में), 0 वंदे भारत ट्रेन, 16 आईआईटी कालेज, 91 हजार 287 किलोमीटर कुल हाइवे, 5 मेट्रो सिस्टम (248 स्टेशन), 74 एयरपोर्ट, 18 सौ करोड़ प्रतिमाह डिजिटल पेमेंट, 15 करोड़ जन-धन खाते, 14 करोड़ एलपीजी कनेक्शन, 2.82 गीगा वॉट सोलर एनर्जी क्षमता थी । लेकिन 2014 से 2026 तक मोदी जी के कार्यकाल में देश में 23 एम्स (पूरे भारत में), 75 से अधिक वंदे भारत ट्रेन, 23 आईआईटी कालेज,1 लाख 46 हजार 145 किलोमीटर से अधिक कुल हाइवे, 20 मेट्रो सिस्टम(1000 से अधिक स्टेशन), 157 से अधिक एयरपोर्ट, 18 हजार करोड़ से अधिक प्रतिमाह डिजिटल पेमेंट, 53 करोड़ से अधिक जन-धन खाते, 33 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन, 73 गीगा वॉट से अधिक सोलर एनर्जी क्षमता है। 13 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में देशवासियों की सेवा करते हुए देश को सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित बनाए हुए हैं। उनका पूरा प्रयास है कि देश और देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर हो, इसके लिए उनके नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। यशस्वी मोदी जी ने भारतवासियों की तकदीर एवं तस्वीर बदल दी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन उत्सव और सम्मान समारोह

नगरी/नवप्रदेश। विकास खंड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत घुटकेल में 3 अक्टूबर 2026 को सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन उत्सव, नेवता भोज एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं ग्राम के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवाएं देने वाली कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। सरपंच एवं वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं गांव के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समारोह में ग्राम पटेल, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। जिसमें सरपंच कुसुमलता मरकाम उपसरपंच जय सवाल, जागेश धुव भागतू डुलेराम, महेश संगीता तेजराम नरसिंग, समस्त ग्राम वासियों बड़ी संख्या में थे कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और ग्रामीणों के बीच आपसी संवाद भी हुआ तथा सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में तेजनाथ साहू, मितानी मरकाम, मेघा मरकाम, हीराबाई नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

पितृपक्ष अष्टमी पर संपन्न महालक्ष्मी व्रत

रायपुर/नवप्रदेश। सनातन धर्म में सुख, समृद्धि और वैभव की अधिष्ठात्री देवी मां लक्ष्मी की साधना का महापर्व 'महालक्ष्मी व्रत' बेहद

फलदायी माना जाता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी (राधाष्टमी) से शुरू हुआ यह 16 दिवसीय महालक्ष्मी व्रत पितृ पक्ष (आश्विन कृष्ण पक्ष) की अष्टमी तिथि को संपन्न होता है। इस दिन हाथी पर विराजमान मां लक्ष्मी (गज लक्ष्मी) के स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से दरिद्रता दूर होती है और घर में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती।

रायपुर में पहली बार राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन, सत्यनिष्ठ पत्रकारिता पर मंथन

खबर ऐसी हो जिससे समाज का कल्याण हो, भ्रम नहीं मुनि श्री आगम सागर

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित श्री अग्रसेन धाम में पहली बार राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज, रायपुर के तत्वावधान एवं जैन पत्रकार महासंघ के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से जैन पत्रकार एवं समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य विषय ÷जैन धर्म आयतनों के संरक्षण एवं संवर्धन में पत्रकारिता की भूमिका रहा। परिचर्चा में जैन तीर्थों, मंदिरों, धार्मिक संस्थाओं एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ समाजहित, सत्यनिष्ठा और सकारात्मक पत्रकारिता पर विचार-विमर्श हुआ। चातुर्मासरत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री आगम सागर जी, मुनि श्री पुनीत सागर जी, ऐलक श्री धैर्य सागर जी एवं ऐलक श्री स्वागत सागर जी के आशीर्वाद से सम्मेलन संपन्न हुआ। मुनि श्री पुनीत सागर जी ने कहा कि पत्रकारिता का आधार जिए और जीने दो की भावना होनी चाहिए। समाचारों में तथ्य, संयम और संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए ऐसी सामग्री को प्राथमिकता दी जाए, जिससे सामाजिक सद्भाव, मानवता और सकारात्मकता को बढ़ावा मिले। मुनि श्री आगम सागर जी ने सत्य और निर्भयता को पत्रकारिता का मूल तत्व बताते हुए कहा कि खबर ऐसी हो जिससे समाज का कल्याण हो, भ्रम नहीं। उन्होंने पत्रकारों से परिस्थितियों के दबाव में सत्य से समझौता नहीं करने तथा तथ्यहीन या भ्रम फैलाने वाली सामग्री से बचने का आह्वान किया। सम्मेलन में जैन समाज की धार्मिक पहचान और जनसंख्या को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने जैन समाज से अपील की कि जनगणना-2027 में प्रत्येक जैन परिवार अपनी धार्मिक पहचान स्पष्ट रूप से जैनअ के रूप में दर्ज कराए। वक्ताओं के अनुसार सही आंकड़े समाज की वास्तविक स्थिति को समझने और भविष्य की योजनाओं के लिए उपयोगी होंगे।

जैन धर्म आयतनों के संरक्षण में मीडिया की भूमिका

सम्मेलन में जैन तीर्थ क्षेत्रों, प्राचीन मंदिरों, धार्मिक संस्थाओं और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन में मीडिया की भूमिका पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से संरक्षण की जरूरतों, सकारात्मक गतिविधियों और समाजोपयोगी कार्यों को व्यापक स्तर पर सामने लाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रकाश मोदी, प्रदीप कुमार जैन, विनोद बड़जात्या, नरेंद्र जैन, संदीप लुहाडिया, क्षितिज जैन, सौरभ जैन, जैन पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष रमेश तिजारिया, महामंत्री उदयभान जैन, बुंदेलखंड क्षेत्र संयोजक भरत सेठ सहित देशभर से आए पत्रकार एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन का संदेश रहा कि पत्रकारिता में सत्य, तथ्य, संयम, संवेदनशीलता और समाजहित को प्राथमिकता देते हुए जैन धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों के संरक्षण में मीडिया अपनी सकारात्मक भूमिका निभाए।

सत्य और संवेदनशीलता पत्रकारिता का आधार

मुख्य अतिथि न्यूज 24 मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ एवं लल्लूराम के डायरेक्टर नमित जैन रहे, जबकि अध्यक्षता छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कांवाडिया ने की। भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. बलदेव राज गुप्ता ने पत्रकारिता को समाज में जनचेतना और सही दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया तथा लेखनी का उपयोग समाजहित में करने का आह्वान किया।

1 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से बनेगा भव्य गौरव पथ : चौहान

लवन/नवप्रदेश। नगर पंचायत लवन के मुख्य मार्ग से लेकर माँ महामाया माता मंदिर तक का मार्ग अब जल्द ही एक भव्य गौरव पथ के रूप में नजर आएगा। इस मार्ग के निर्माण के लिए 1 करोड़ 69 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है और बहुत जल्द इसका निर्माण कार्य भी प्रारंभ होने वाला है। इस खबर से लंबे समय से बदहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों ने राहत की साँस ली है।

लंबे समय से थी सड़क निर्माण की माँग

विदित हो कि लवन मुख्य मार्ग से माँ महामाया मंदिर तक की इस सड़क की स्थिति पिछले काफी समय से बेहद जर्जर हो चुकी थी। यह मार्ग व्यस्त बाजार चौक से होकर गुजरता है, जिसके कारण यहाँ रोजाना नगरवासियों के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना होता है। सड़क की खस्ताहालता के कारण यहाँ के रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से इस सड़क को नए सिरे से बनाने की जोरदार माँग की जा रही थी।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान ने चर्चा के दौरान बताया कि इस गौरव पथ के निर्माण की स्वीकृति को लेकर मैं और उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू सहित नगर के सभी पार्षदों का विशेष सहयोग रहा है बहुत जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है ।

इस गौरव पथ के बन जाने से साप्ताहिक बाजार आने-जाने वाले नागरिकों के साथ-साथ माँ महामाया मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में होने वाली असुविधाओं से बड़ी राहत मिलेगी सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर नगर अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान और उनके सहयोगी पार्षदों ने छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के प्रति विशेष धन्यवाद एवं आभार प्रेषित किया है।

सामाजिक भवन से समाज की गतिविधियों को मिलेगा नया मंच : द्वारिकाधीश यादव

खल्लारी/नवप्रदेश। मगधा यादव समाज खल्लारी द्वारा खल्लारी में नवनिर्मित सामाजिक भवन के उद्घाटन सह भूमिपूजन एवं नुआखाई स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। विधायक ने सामाजिक भवन का उद्घाटन-भूमिपूजन कर समाजजनों को शुभकामनाएं दीं और भवन को सामाजिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुंदर यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाज के जिलाध्यक्ष शरदराज हंस, दौलतराम यदु, संतोष यादव, धरमराज यादव, मनोहर यादव, रामसिंग यादव एवं लोचन प्रसाद यादव उपस्थित रहे। समारोह में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव का स्वागत

किया। इस दौरान समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ सामाजिक एकजुटता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि सामाजिक भवन समाज के लोगों के लिए बैठकों, सामाजिक आयोजनों तथा विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए उपयोगी साबित होगा। ऐसे भवन केवल कार्यक्रम आयोजित करने का स्थान नहीं, बल्कि समाज के लोगों को एक मंच पर लाने और आपसी संबंधों को मजबूत करने का माध्यम भी बनते हैं। उन्होंने भवन निर्माण की पहल के लिए समाजजनों को बधाई देते हुए इसके बेहतर उपयोग की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित नुआखाई स्नेह मिलन समारोह में समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे से मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया।

विधायक यादव ने कहा

कि समाज की प्रगति के लिए एकता और आपसी सहयोग आवश्यक है। सामाजिक परंपराओं एवं संस्कारों को आगे बढ़ाने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना भी समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने समाजजनों से मिल-जुलकर सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ी को अपनी परंपराओं और मूल्यों से परिचित कराने का आह्वान किया।

प्रभारी मंत्री बघेल ग्राम खोकसरा में 06 को सेवा संकल्प शिविर में होंगे शामिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में

चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 06 अक्टूबर 2026 को देवभोग क्षेत्र के ग्राम खोकसरा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंत्री श्री बघेल 12:30 बजे शासकीय हाई स्कूल परिसर खोकसरा पहुंचकर सेवा संकल्प अभियान में शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा शिविर में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

डॉ. रमन ने राजनांदगांव जिले में रेलवे के विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

विधानसभा अध्यक्ष ने रायपुर में ली रेलवे अधिकारियों की बैठक

राजनांदगांव / नव प्रदेश। आज रायपुर स्थित निवास में छत्तीसगढ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव में रेलवे से जुड़े विभिन्न विकास कार्यो को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव भी शामिल हुए, और शहर की जनता के हित में रेल्वे अधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे (एस.ई.सी.आर.) महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, डी.आर.एम. नागपुर दीपक गुप्ता, राजनांदगॉव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राजनांदगांव जिले से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं समीक्षा की गई। बैठक में चिखली एवं गौरीनगर अंडरब्रिज की धीमी प्रगति से शहर की जनता को हो रही असुविधा एवं परेशानी का मामला उठाते हुए राजनांदगॉव महापौर ने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने के लिये रेलवे के अधिकारियों का ध्यानाकृष्ट किया ।

इसके अलावा बैठक में मोतीपुर मिनी अंडरब्रिज, बरगा-आलिवारा-मुसरा में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत निर्मित ओवरब्रिज को बारिश से हुई क्षति, परमालकसा में ओवरब्रिज की आवश्यकता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ0रमन सिंह ने राजनांदगॉव जिले में सुरक्षित आवागमन, सुगम यातायात एवं बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे के इन विकास कार्यों में तेजी लाने तथा संबंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर समयबद्ध निराकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए ।

तेज रफ्तार ईको ने शिक्षिका और विद्यार्थी को मारी टक्कर, शिक्षिका की मौत

राजनांदगांव /नव प्रदेश। सोमवार शाम करीब 5 बजे तेज रफ्तार मारुति ईको वाहन ने ठेलकाडीह मुख्य चौक में बस का इंतजार कर रही शिक्षिका किरण तिवारी और एक स्कूली विद्यार्थी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर हालत में राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान शिक्षिका किरण तिवारी की मौत हो गई। मृतका दीनदयाल नगर, राजनांदगांव की निवासी और मनीष तिवारी की पत्नी बताई गई हैं।वहीं हादसे में घायल विद्यार्थी का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही ठेलकाडीह चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

राजेश मारू, बीरेंद्र बहादुर और कमलेश सिमनकर को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में प्रदान की गई मानद उपाधि

छुईखदान /नवप्रदेश। बफ निी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष और समाजसेवी राजेश मारू, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक बीरेंद्र बहादुर सिंह एवं पत्रकार कमलेश सिमनकर को द लुसियाना रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया गया है । नई दिल्ली के द महफ़िल ग्रैंड में कल (04 अक्तूबर 2026) आयोजित एक गरिमामय समारोह में विश्वविद्यालय की प्रतिनिधि संस्था एशिया बुक आफ रिकॉर्ड फाउंडेशन ने राजेश मारू को दीर्घकालीन समाजसेवा, बीरेंद्र बहादुर सिंह को तीन दशक की पत्रकारिता एवं साहित्य सेवा तथा कमलेश सिमनकर को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया गया । राजनांदगांव के तीन लोगो को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर उनके मित्रों और शुभचितको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । ज्ञातव्य है कि श्री राजेश मारू विगत चार दशक से धर्म, आध्यात्म और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं । मां पाताल भैरवी मंदिर के निर्माण काल से जुड़े श्री मारू ने मंदिर परिसर में दोनों नवरात्रि में नौ दिन तक चलने वाले नवरात्रि, महाशिवरात्रि के आयोजन एवं शरद पूर्णिमा के दिन बीते 30 वर्षो से दमा पीड़ितों को नि:शुल्क औषधियुक्त खीर का वितरण कर अपनी पृथक पहचान बनाई है । अविभाजित राजनांदगांव जिले के के दूरस्थ पहुँचविहीन वनांचल क्षेत्रों में पहुंचकर वे हर साल जरूरतमंद लोगों की मदद करते हैं । कोरोना काल में लोगों की मदद कर उन्होंने समाजसेवा का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया था । वे मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ राजनांदगांव एवं बैगा ग्रुप के भी अध्यक्ष हैं । उन्होंने छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म, सैकड़ों ऑडियो - वीडियो कैसेट और मितान महोत्सव जैसे यादगार लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति के संरक्षक की भूमिका निभाई है । मितान के माध्यम से वे कलाकारों के परम हितैषी बनकर उभरे हैं । बीरेंद्र बहादुर सिंह ने पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में 32 वर्षो से सक्रिय हैं । 2020 में प्रकाशित उनकी बहुचर्चित पुस्तक छुईखदान परत दर परत को लोगों ने काफी सराहा है ।

37 साल की सेवा में गांव-गांव पहुंचकर मरीजों की पहचान और उपचार के लिए किया जागरूक

एक दिन में 37 मरीजों की पहचान रही उल्लेखनीय उपलब्धि

कुष्ठ उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एनएमए दौवा राम चक्रधारी सेवानिवृत्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में लगातार 37 वर्षों से अधिक समय तक सेवाएं देने वाले एनएमए दौवा राम चक्रधारी 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति पर रविवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने भावभीनी विदाई दी। वक्ताओं ने उनके सेवाकाल, विशेषकर कुष्ठ रोग उन्मूलन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने ने कहा कि चक्रधारी ने अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से निर्वहन किया। कुष्ठ रोगियों की पहचान, उन्हें उपचार से जोड़ने और बीमारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि लेप्रोसी डायग्नोसिस में चक्रधारी की विशेष दक्षता थी और उनके द्वारा चिन्हित मामलों की सटीकता पर विभाग को भरोसा रहता था। उनकी कार्यकुशलता और सरल व्यवहार के कारण वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक में कुष्ठ रोग को लेकर कई भ्रांतियां थीं। उस समय चक्रधारी और उनकी टीम ने गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक किया और मरीजों को नियमित उपचार के लिए प्रेरित किया। एक सर्वे अभियान में एक ही दिन 37 कुष्ठ मरीजों की पहचान करना उनके सेवाकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल रहा। क्षेत्र में कुष्ठ उन्मूलन के प्रयासों के लिए फिंगेश्वर-राजिम क्षेत्र की पहचान बनाने में भी उनकी टीम का योगदान रहा।

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं पूर्व बीएमओ डॉ. हिरोंदिया ने कहा कि 37 साल से अधिक समय तक जन्मभूमि में ही सेवा देना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, ÷किस्मत वालों को ही यह सौभाग्य मिलता है कि उनकी जन्मभूमि ही कर्मभूमि बने।

चक्रधारी 12 दिसंबर 1988 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में पदस्थ हुए थे और 30 सितंबर 2026 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। विदाई समारोह में उन्होंने सहकर्मियों, अधिकारियों और परिवार, विशेषकर पत्नी सरोज चक्रधारी के सहयोग के लिए आभार जताया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रूप कुमार साहू, वरिष्ठ पत्रकार गोरेलाल सिन्हा, आरएमओ डॉ. चंद्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, परिजन और नगरवासी उपस्थित रहे। अधिकारियों-कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

परिवार ने साझा किए सेवाकाल से जुड़े संस्मरण

चक्रधारी की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज चक्रधारी, छोटे भाई एवं स्वास्थ्य विभाग में नेत्र सहायक योगानंद चक्रधारी, भतीजे एवं फार्मासिस्ट कमलेश चक्रधारी तथा पुत्र एवं मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ में पदस्थ जनसंपर्क अधिकारी नितेश चक्रधारी ने उनके सेवाकाल और पारिवारिक जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए। परिजनों ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारियों के साथ उन्होंने परिवार और कर्तव्य के बीच हमेशा संतुलन बनाए रखा। कठिन परिस्थितियों में भी सेवा को प्राथमिकता देना उनके व्यक्तित्व की खासियत रही।

नुवाखाई जोहार मिलन समारोह में राजगोंड समाज ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

■ समाजजन, 10वीं-12वीं सहित नवोदय, एकलव्य और प्रयास के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

महासमुंद/नवप्रदेश। आदिवासी राजगोंड समाज सुवरमाल राज, ग्राम हाथीबाहरा में सात सर्कल राजगोंड समाज के संयुक्त तत्वावधान में बुढ़ादेव मंदिर परिसर में नावाखाई जोहार भेंट एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की। समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव नायकराम चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में भिखाम सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत तथा तरुण व्यवहार, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलाराम ठाकुर, अध्यक्ष आदिवासी राजगोंड समाज सुवरमाल राज ने की।विशिष्ट अतिथियों में मधुरिका चंद्राकर एवं भूमिका रामलाल सिन्हा, सभापति जनपद पंचायत, एमएल मड़वी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, खुबचंद वर्मा, जनपद पंचायत, रिंकू चंद्राकर, पूर्व सरपंच, एडिसन ठाकुर, सरपंच ग्राम बाघामुड़ा, मानबाई ठाकुर, जनपद पंचायत बोकरामुड़ा कला, गौरी मुकेश ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत टेका, छत्तरसिंह सोरी, सरपंच ग्राम पंचायत खैरटकला, गौतम नेताम, राजगोंड समाज संरक्षक एवं सरपंच ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा खुर्द, नाथुराम महानंद, सरपंच ग्राम पंचायत घोटियापानी, निशा सागर चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत हाथीबाहरा, शांति माझी लालकुमार, सरपंच ग्राम पंचायत टूहलू, माधो माझी, पूर्व जनपद सदस्य खैरटकला तथा रामबाई ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य टेगराही शामिल रहे। समारोह में महिला प्रकोष्ठ की ओर से दशोदा बाई सोरी, अध्यक्ष, किरण नेताम, सचिव तथा टंकेश्वरी मरकाम, उपाध्यक्ष सहित समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। बुढ़ादेव मंदिर के पुजारी रामसाय ओटी, भोजराम जगत, ब्रह्मदेव मांझी, रुद्रे नेताम और जीवन मांझी की भी उपस्थिति रही।

मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में समाज के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही नवोदय, एकलव्य और प्रयास विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का मजबूत आधार है। विद्यार्थियों को सम्मानित करने से उनमें आगे बढ़ने का उत्साह बढ़ता है और अन्य बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है।

न्यूज गैलरी

अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब बेचने की तैयारी कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 2 हजार रुपए बताई गई है।पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम लोहड़ीपुर निवासी गनपत यादव (45) उड़ेला दर्रीडबरी के पास अवैध शराब बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेही को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम गनपत यादव, निवासी लोहड़ीपुर, चौकी भंवरपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद हुई। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

राइस मिल के सोलर प्लांट से 600 मीटर केबल पार

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम मोंगरा स्थित नाकोड़ा राइस इंडस्ट्रीज के सोलर प्लांट से अज्ञात चोर करीब 35 हजार रुपए कीमत का केबल चोरी कर ले गए। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राइस मिल संचालक मनन पींचा ने 240 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाया है। 29 सितंबर की रात करीब 8 बजे तक सोलर प्लांट चालू था। अगले दिन 30 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे प्लांट की जांच करने पर करीब 600 मीटर केबल कटा हुआ मिला। जांच में पता चला कि अज्ञात चोर राइस मिल परिसर की फेंसिंग काटकर अंदर घुसे और सोलर प्लांट में लगे केबल को काटकर ले गए। चोरी गए केबल की कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई गई है। संचालक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

गाली-गलौज करने से मना किया तो युवकों से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। लाफिन खुर्द में गाली-गलौज करने से मना करने पर विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और दो भाइयों के साथ मारपीट की। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार लाफिन खुर्द निवासी थनेश्वर ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 सितंबर की शाम करीब 5 बजे वह शंकर साहू के ठेला के पास चंपू साहू और लखन साहू के साथ बातचीत कर रहा था। इसी दौरान मंगल दास सहित अन्य लोग गाली-गलौज कर रहे थे। थनेश्वर और उसके साथियों ने उन्हें गाली-गलौज करने से मना किया। आरोप है कि इससे नाराज होकर उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे थनेश्वर के बड़े भाई सुरेश कुमार ध्रुव के साथ भी मारपीट की गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 15(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

सड़क किनारे खड़े ट्रक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम सिंघुपाली में सड़क किनारे खराब खड़े ट्रक को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन की जांच कर रहे एक व्यक्ति को चोट आई। मामले में पिथौरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पीरेवाड़ी, अहमदनगर, महाराष्ट्र निवासी विकास कुंटे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका बड़ा भाई मल्हारी कुंटे ट्रक क्रमांक एमएच 16 सीसी 2754 से संबलपुर, ओडिशा से रायपुर की ओर आ रहा था। ग्राम सिंघुपाली के पास ट्रक खराब हो गया था। इसके बाद ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था। मल्हारी कुंटे वाहन की जांच कर रहा था, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक क्षतिग्रस्त होने के साथ ही मल्हारी को चोटें आईं। रिपोर्ट पर पिथौरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

किराना दुकान के फ्रिज, गैस सिलेंडर, अंडे, किराना सामान और नकदी ले गए चोर

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बाघामुड़ा स्थित किराना एवं मुर्गी-अंडा दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर करीब 47,700 रुपए का सामान और नकदी चोरी कर ली। घटना का पता दुकान संचालक को सुबह दुकान पहुंचने पर चला। शिकायत पर कोमाखान पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बाघामुड़ा निवासी अशोक देवांगन (40) की दुकान बाघामुड़ा चौक, बांसकांटा-देवरी मार्ग पर स्थित है। 1 अक्टूबर की सुबह करीब 7 बजे वह दुकान पहुंचा तो शटर टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर जांच करने पर सामान से भरा एक फ्रिज, एक इंडेन गैस सिलेंडर, करीब 10 कैरेट अंडे, कड़ाही, तवा, गैस चूल्हा, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, एक बोरी आलू, एक बोरी प्याज, पोपट, बिस्किट, चॉकलेट सहित अन्य सामान गायब मिला। इसके अलावा दुकान में रखी करीब 5 हजार रुपए की नकदी भी चोरी हो गई। चोरी गए सामान और नकदी की कुल कीमत करीब 47,700 रुपए बताई गई है। मामले में कोमाखान पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

25 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम चिरको में घर के अंदर अवैध रूप से हाथ भट्ठी महुआ शराब बनाने के मामले में पटेवा पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब और शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाली दो एल्युमीनियम गंज बरामद की हैं।

चांदनी व पद्मा ने जीता स्वर्ण, जया ने कांस्य और कमलेश ने हासिल किया रजत

राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी में महासमुंद ने दिखाया जलवा

अब जयपुर में राष्ट्रीय स्पर्धा में उतरेंगे विजेता तीरंदाज

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को रायपुर के साइंस कॉलेज में 26वीं राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिला तीरंदाजी संघ एवं खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने इंडियन राउंड, रिकर्व राउंड और कंपाउंड राउंड में शानदार प्रदर्शन किया। महासमुंद के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए।

बालक वर्ग के इंडियन राउंड में बागबाहरा के कमलेश साहू ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। वहीं बालिका रिकर्व राउंड में बागबाहरा की चांदनी साहू ने सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी वर्ग में बागबाहरा की जया साहू ने कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। बालिका कंपाउंड राउंड में बागबाहरा की पद्मा साहू ने सर्वाधिक अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। बालिका इंडियन राउंड में महासमुंद की वैशाली साहू चौथे स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता में जिले से रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड में जयंत ठाकुर, उमेश बरिहा, डोमेश्वरी साहू, चांदनी साहू, पद्मा साहू, नवलीन कौर और जया साहू ने भाग लिया। वहीं इंडियन राउंड में वैशाली साहू, चांदनी साहू, तृषा प्रजापति, जया पहाटिया, कमलेश साहू, ओम प्रकाश, अमर शबर, गजेंद्र, टूकेश, कुशो राम और लोकेश निषाद ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा टी-शर्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में खुशी का माहौल है।

जयपुर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित एवं विजेता तीरंदाज अब 21 से 28 अक्टूबर 2026 तक राजस्थान के जयपुर में आयोजित 46वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर भारतीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवं एनआईएस तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, बॉल आश्रम बिहाझर छात्रावास अधीक्षक डॉ. पुनेंद्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, रंजीत छाबड़ा, मुकेश बेगड़, रिंकल बग्गा, पीरित राम साहू, संजय सोनवानी, सोमनाथ साहू, फूल दास पहाटिया, भोपाल सिंह बंजारा, संजय पैकरा, एकलव्य के प्राचार्य महेंद्र टंडन सहित खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर एवं बॉल आश्रम बिहाझर के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राजिम में फोटोग्राफर महासम्मेलन 100 से अधिक फोटोग्राफर जुटे

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। राजिम-नवापारा अंचल के फोटोग्राफरों का प्रथम फोटोग्राफर महासम्मेलन रविवार 4 अक्टूबर को आयोजित हुआ। सम्मेलन में क्षेत्र के 100 से अधिक फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया। इस दौरान फोटोग्राफरों के हितों और व्यावसायिक समस्याओं को लेकर फोटोग्राफी यूनियन का गठन किया गया।यूनियन में जयंत साहू (राजिम) अध्यक्ष, देवी चंद साहू (भैंसातारा) उपाध्यक्ष, रिखिराम यदु (नवागांव-कोलियारी) सचिव, नोमेश साहू (बहेड़ा पाल) सहसचिव तथा मयंक साहू (किरवई) कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धरम साहू (कौंदकेरा), तुकाराम, गिरधर, मोहित, पूरन सिंह (अभनपुर), मनीष साहू, प्रीत कुमार एवं गौरभाट का मनोनयन किया गया।

सम्मेलन में फोटोग्राफरों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर चर्चा हुई। इनमें शादियों में सुबह 6 बजे के बाद विदाई के फोटो-वीडियो शूट नहीं करने, किसी इवेंट के तीन माह बाद डेटा की जिम्मेदारी फोटोग्राफर की नहीं रहने तथा शादी-सगाई आयोजनों में फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर के लिए उचित भोजन और ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसे विषय प्रमुख रहे। इसके अलावा फोटोग्राफरों की अन्य व्यावसायिक समस्याओं और हितों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

बिजली के बढ़े दामों के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के निर्देश पर बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर के स्थान पर सामान्य मीटर लगाए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 38, दिग्विजय वार्ड में कांग्रेस नेता विशु अजमानी एवं सागर ताम्रकार ने घर-घर पहुंचकर वार्डवासियों से मुलाकात की। इस दौरान नागरिकों ने बिजली बिलों में बढ़ोतरी तथा स्मार्ट मीटर को लेकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए।

'वोट बचाओ-देश बचाओ' के नारे के साथ आज सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस

■ कांग्रेस भवन से अंबेडकर चौक तक निकलेगा जनमार्च

महासमुंद/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चल रहे 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 6 अक्टूबर को 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च निकाला जाएगा। दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन से शुरू होने वाला यह मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचेगा। कांग्रेस ने कार्यक्रम में जिलेभर से कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भागीदारी का आह्वान किया है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि मार्च की शुरुआत कांग्रेस भवन से होगी। इसके बाद कार्यकर्ता गांधी चौक पहुंचेंगे, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद मार्च अंबेडकर चौक पहुंचेगा, जहां कार्यक्रम का मुख्य चरण आयोजित होगा।

प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार अंबेडकर चौक में राष्ट्रगान के बाद भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक वाचन किया जाएगा। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन किया जाएगा। ज्ञानेश कुमार वर्तमान में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं।

विधायक यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ब्लॉक, नगर, पंचायत तथा विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ अधिक से अधिक संख्या में मार्च में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा मताधिकार से जुड़े मुद्दों को लेकर जनभागीदारी दर्ज कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी विजय जांगिड़ की विशेष उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा जिले के विधायक एवं पूर्व विधायक, पीसीसी सदस्य, त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के वर्तमान व पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेसजन और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की बात कांग्रेस ने कही है।कांग्रेस का 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' 2 से 8 अक्टूबर तक चल रहा है और इसके तहत विभिन्न जिलों में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च आयोजित किए जा रहे हैं।

महतारी वंदन योजना पर विनोद चंद्राकर का सरकार पर हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना को लेकर पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने साय सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना अब उनके लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बन गई है। महासमुंद समेत प्रदेश के सभी जिलों में पहले से योजना का लाभ ले रही महिलाओं के नाम सत्यापन के नाम पर काटे जा रहे हैं, जबकि नए पात्र हितग्राहियों के आवेदन लेने के लिए पिछले ढाई साल से पोर्टल बंद है।

चंद्राकर ने कहा कि सरकार लगातार करीब 69 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ देने का दावा कर रही है, लेकिन पौने तीन साल के भीतर ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों के नाम योजना से हटाए जा चुके हैं। उनका सवाल है कि यदि हर महीने हजारों महिलाओं के नाम काटे जा रहे हैं और नए हितग्राहियों को जोड़ने की प्रक्रिया बंद है, तो 69 लाख हितग्राहियों का आंकड़ा आखिर कैसे कायम है।

नवविवाहित महिलाओं का भी उठाया मुद्दा-चंद्राकर ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में बड़ी संख्या में बेटियों की शादी हुई है। शादी के बाद पात्रता की श्रेणी में आने वाली ऐसी महिलाएं योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करना चाहती हैं, लेकिन पोर्टल बंद होने के कारण उन्हें इसका अवसर नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महतारी वंदन योजना को सतत प्रक्रिया बताया था, लेकिन अब नए पात्र हितग्राहियों के लिए इसके दरवाजे बंद कर दिए गए हैं।

बजट बचाने के लिए नाम काटने का आरोप-

पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार हर महीने 700 करोड़ रुपये से अधिक के खर्च का हवाला देकर योजना से महिलाओं के नाम हटाने के लिए अलग-अलग कारण बता रही है। कहीं परिवार में आयकरदाता होने, कहीं सरकारी सेवा में होने तो कहीं आवेदन में गलत जानकारी दर्ज होने का हवाला देकर महिलाओं को अपात्र घोषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में पहले दी जा चुकी राशि की वसूली की कार्रवाई भी की जा रही है। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि सरकार का वास्तविक उद्देश्य योजना के बजट में कटौती करना है। नाम हटाए जाने से हर महीने करोड़ों रुपये की बचत हो रही है, लेकिन इस राशि का उपयोग नए पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने में नहीं किया जा रहा है।

18.29 करोड़ की लागत से 2.3 किमी गौरव पथ का निर्माण जारी

बीटीआई रोड निर्माण में तेजी के निर्देश, समय सीमा में काम करने कहा

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के बीटीआई रोड में चल रहे गौरव पथ निर्माण कार्य को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और नगर पालिका के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, अब तक किए गए कार्यों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली। विधायक ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।विधायक सिन्हा ने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। जहां निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर काम की गति बढ़ाई जाए। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने तथा निर्धारित मापदंडों और तकनीकी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

18.29 करोड़ से बनेगा 2.3 किमी गौरव पथ

बीटीआई रोड में गौरव पथ निर्माण के तहत करीब 18.29 करोड़ रुपए की लागत से 2.3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क के साथ डिवाइडर का भी निर्माण प्रस्तावित है। मुख्य सड़क निर्माण शुरू करने से पहले विभिन्न विभागों से जुड़े जरूरी कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें पेड़ों की कटाई, बिजली के पोल की शिफ्टिंग, पाइपलाइन और चेंबर से संबंधित कार्य शामिल हैं। निर्माण कार्य के लिए आवश्यक पेड़ कटाई की राशि, सड़क की जद में आने वाले बिजली के पोल को दूसरी जगह शिफ्ट करने की राशि तथा पाइपलाइन और चेंबर से जुड़े कार्यों के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। अब विभागों के बीच समन्वय के साथ इन कार्यों को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सड़क निर्माण में तेजी लाने पर जोर दिया जा रहा है।

यातायात और आम लोगों की सुविधा का रखें ध्यान

विधायक ने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य के दौरान आम लोगों को आवागमन में कम से कम परेशानी हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के

बेटा जौतिया परब में गूंजा गोंडवाना संस्कृति का संदेश

महासमुंद/नवप्रदेश। स्थानीय हाई स्कूल मैदान में गोंडवाना आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक आस्था से जुड़े बेटा जौतिया परब एवं चिल्हरीडार पूजा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहले पहर के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा दूसरे पहर के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।कार्यक्रम स्थल पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू का समाजजनों ने पारंपरिक पीला गमछा एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों सहित महिला-पुरुषों से मुलाकात की और पर्व की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि गोंडवाना समाज की परंपराएं, संस्कृति और आस्था छत्तीसगढ़ की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। जल, जंगल, जमीन और हमारी संस्कृति से ही प्रदेश की समृद्ध विरासत जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व समाज को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ ही सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।

कांग्रेस नेता राजीव गुप्ता के जन्मदिन पर उमड़ा जनसैलाब, पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया उत्साह

धमधा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री एवं पूर्व नगर पंचायत धमधा अध्यक्ष राजीव गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर धमधा में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी जनसैलाब उमड़ा।

जन्मदिन समारोह में पूर्व कृषि मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने राजीव गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने राजीव गुप्ता की राजनीतिक एवं सामाजिक सक्रियता, कांग्रेस संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के निर्वहन और क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी में राजीव गुप्ता ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।

शिवकुमार वर्मा ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने राजीव गुप्ता को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजीव गुप्ता लंबे समय से संगठन और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि लोगों का उनसे निरंतर जुड़ाव है।

इस अवसर पर राजीव गुप्ता ने कहा कि ÷जन-जन के नेता, विकास पुरुष आदरणीय रवींद्र चौबे जी का मेरे जन्मदिन पर आगमन मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य है। वहीं सैकड़ों कार्यकर्ताओं और आमजन का जो प्यार और आशीर्वाद मुझे मिला है, वह मेरे लिए जीवन की बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि रवींद्र चौबे ने अपने कार्यकाल में पूरे क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी और साजा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि ÷रविंद्र चौबे जी जैसे देवतुल्य नेता ने क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। आने वाले वर्षों तक साजा विधानसभा में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की मिसाल बनी रहेगी।÷

समारोह के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने रविंद्र चौबे और राजीव गुप्ता का अभिनंदन किया। राजीव गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका स्नेह और विश्वास उन्हें लगातार जनसेवा एवं संगठन के लिए काम करने की प्रेरणा देता रहेगा।

इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, दानेश्वर साहू, शमशीर कुरैशी,निर्मल जैन, मधुसूदन राणा, अरुण साहू,जालम पटेल, राज पटेल, संतलाल बंजारे, हिम्मत ढीमर, ज्वाला साहू, अघ्नु पाल, राजेश मानिकपुरी, बंटी वैष्णव, जीवन निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा, परमेश्वर यादव, देवेंद्र चंदेल, यगेन्द्र दिल्लीवार, योगेश साहू, रेवा बंजारे, लुमेश्वर पटेल, रामकुमार पटेल, रोमन पटेल, टीकाराम उमरे, श्रवण साहू, आकाश द्विवेदी, विजय दीमर, सुरेश ढीमर, सुमन्त ताम्रकार, विनोद पटेल, त्रिलोकी पटेल, रामचन्द्र जंघेल, पप्पू सोनवाने, मुकेश वर्मा, निक्की राजपूत, बब्बू वैष्णव, अनिल साहू, ललित सोनकर, रजत नायक, केबी वर्मा, कन्हैया साहू, चन्द्रशेखर वर्मा,रज्जू ढीमर, दुखित पटेल,सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय कवि संगम की बैठक हुई

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बेमेतरा की बैठक एवं काव्यगोष्ठी नगर के रेस्टहाउस के सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम की योजना बनाई गई , साथ ही संगठन को और सक्रिय करने एवं विस्तार करने पर महत्पूर्ण निर्णय लिए गए। काव्य गोष्ठी में, कमल शर्मा, पंकज शर्मा, हेमशंकर, बलराम ठाकुर ने अपनी कवितापाठ किया। इस अवसर पर प्रांतीय सलाहकार महेंद्र विरदी ने कहा कि आज हम उस व्यक्ति को याद कर रहे है जो शरीर से महात्मा कर्म से राष्ट्रपिता विचार से आज भी पूरे विश्व का मार्गदर्शक है। आज हमे उनके सत्य और अहिंसा के विचार ही बचा सकते है। प्रांतीय उपाध्यक्ष कमल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम साहित्य के क्षेत्र में लगातार जिले में कार्य कर रही है, और आगे भी हम नवकलमकारों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते रहेंगे। बैठक में गिरीश मिश्रा, हेमेन्द्र शर्मा की उपस्थिति रही। सभी ने महात्मा गाँधी जयंती के अवसर पर उनके विचार और प्रेरणादाई प्रसंग का भी वाचन किया। आभार प्रदर्शन पंकज शर्मा किया ।

महतारी वंदन योजना से मिला आर्थिक संबल

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास निरंतर जारी है। इसी क्रम में महतारी वंदन योजना जिले की महिलाओं के लिए आर्थिक संबल का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। बेमेतरा निवासी उमा डांडे भी महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो रही हैं। उन्हें योजना के तहत हर माह ?1,000 की आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। नियमित रूप से मिलने वाली इस राशि से उन्हें घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिल रही है। उमा डांडे बताती हैं कि परिवार में रोजमर्रा की कई छोटी-बड़ी जरूरतें होती हैं, ऐसे में हर महीने मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके लिए उपयोगी साबित हो रही है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों पर कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। यातायात पुलिस बेमेतरा द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 4 हजार 7 सौ रुपये का समन शुल्क लिया गया। यातायात बेमेतरा में 15 चालान में 15 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें आदेशो का अवहेलना, घातक स्थिति में वाहन खडी करना, मौके पर कागजात पेश न करना, नो पार्किंग, नो एंट्री एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 15 प्रकरण में 4,700 रूपये समन शुल्क लिया गया।

उड़ान योजना के तहत 6वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यार्थी उड़ान योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का आयोजन आज रखी है। काउंसलिंग कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास विभाग, कक्ष क्रमांक-71, बेमेतरा में किया जाएगा। संबंधित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की गई है। विभाग द्वारा काउंसलिंग आयोजन के संबंध में सूचना जारी करते हुए संबंधितों को आवश्यक जानकारी एवं प्रक्रिया के लिए निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

चैप्टर 6 का सफल आयोजन, साहित्य-संगीत और लोककला के रंगों से सजी महफिल

बेमेतरा/नवप्रदेश। संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से प्रदेश की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व साहित्यिक संस्था साईनाथ फाउंडेशन द्वारा राजधानी रायपुर में रंग संगीत - चैप्टर 6 का सफल आयोजन किया गया। आयोजन में प्रदेशभर से आए कलाकारों और साहित्यकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, राज्य केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास, संस्कृति व राजभाषा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संचालक डॉ. संजय कन्नौजे तथा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली मीर की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र 'हुनर के मंच' में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे युवा कलाकारों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।द्वितीय सत्र के अंतर्गत 'गीत त्रिवेणी' सत्र में अलग-अलग भाषाओं और सांस्कृतिक भावभूमियों का सुंदर संगम देखने को मिला। गोपालगंज - बिहार से आई लोकप्रिय कवयित्री सान्या राय ने अपने गीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया, वहीं सीतामढ़ी के सुप्रसिद्ध शायर मुरारी मंडल ने अपनी ग़ज़लों से महफ़िल में समां बांध दिया।

समय पर जांच और उपचार से अब नियमित स्कूल जा रहा कृष्णा, पढ़ाई के प्रति बढ़ी रुचि

चिरायु ने लौटाई नेत्र ज्योति, कृष्णा के जीवन में फिर आया उजाला

कवर्धा/नवप्रदेश । समय पर स्वास्थ्य जांच और उचित उपचार किसी बच्चे के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। स्वास्थ्य विभाग की चिरायु योजना के माध्यम से कवर्धा के वार्ड क्रमांक 9, ग्राम ध्वार्डर निवासी कृष्णा कहार के जीवन में भी ऐसा ही सकारात्मक बदलाव आया है। दृष्टि संबंधी समस्या के कारण कृष्णा की दैनिक दिनचर्या और पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। विद्यालय जाने और पढ़ाई करने में उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

चिरायु योजना के तहत स्वास्थ्य जांच के बाद आवश्यक उपचार एवं ऑपरेशन कराया गया, जिसके बाद अब कृष्णा को स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कृष्णा कहार को दिखाई देने में परेशानी होने के कारण उसे रोजमर्रा के कार्य करने के साथ-साथ पढ़ाई में भी कठिनाई होती थी। दृष्टि संबंधी समस्या के कारण विद्यालय जाने और कक्षा में अध्ययन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। परिवार के लिए भी बच्चे की इस समस्या को लेकर चिंता बनी रहती थी। चिरायु योजना के अंतर्गत कृष्णा की स्वास्थ्य जांच की गई।

जांच के बाद चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार आवश्यक उपचार की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। आवश्यक ऑपरेशन के बाद कृष्णा की दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार हुआ। अब वह पहले की तुलना में स्पष्ट रूप से देख पा रहा है और अपनी दैनिक गतिविधियां आसानी से कर रहा है।

स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चिरायु योजना के माध्यम से बच्चों तक समय पर स्वास्थ्य जांच, उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कृष्णा की कहानी यह संदेश देती है कि बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और उचित उपचार से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

स्कूल जाने और पढ़ाई के प्रति बढ़ा आत्मविश्वास

उपचार के बाद कृष्णा अब नियमित रूप से स्कूल जाने लगा है। दृष्टि में सुधार होने से उसकी पढ़ाई के प्रति रुचि भी बढ़ी है। वह अब अपनी पढ़ाई और दैनिक गतिविधियों में अधिक सहज महसूस करता है। दृष्टि में सुधार के साथ उसके आत्मविश्वास में भी सकारात्मक बदलाव आया है। कृष्णा की इस बदली हुई स्थिति से उसके परिवार में भी खुशी का माहौल है।

अंधकारमय जीवन हुआ प्रकाश की ओर अग्रसर

अपने अनुभव को साझा करते हुए कृष्णा के परिवार ने कहा कि समय पर जांच और उपचार से बच्चे के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। हितग्राही का कहना हैकृ अंधकारमय जीवन हुआ प्रकाश की ओर अग्रसर।

कृषि महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया, बेमेतरा में आज वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, बेमेतरा के संयुक्त सहयोग से नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनूप कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में डायरेक्टर, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर तुषार त्रिपाठी, असिस्टेंट डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह एवं असिस्टेंट मैनेजर, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बेमेतरा पारसमणी वर्मा उपस्थित रहे।

स्टार्टअप और स्व्स्ध्र रजिस्ट्रेशन शैलेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना, स्व्स्ध्र पोर्टल में रजिस्ट्रेशन, पेटेंट के नियमों और उद्योग विभाग के विभिन्न प्रभागों - कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, कानून, महिला एवं बाल विकास से जुड़े नवाचारों के बारे में विस्तार से बताया। सरकारी योजनाओं की जानकारी मुख्य वक्ता तुषार त्रिपाठी ने कहा कि नए बिजनेस और उद्योगों की स्थापना से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और बेरोजगारी कम होगी। उन्होंने जमीन की उपलब्धता, आयात-निर्यात अनुदान, मंडी कर अनुदान, तकनीकी जानकारी, गुणवत्ता प्रमाणन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट और टेक्नोलॉजी खरीद से संबंधित सरकारी स्कीमों की जानकारी दी। लोन और छूट की जानकारी पारसमणी वर्मा ने नवाचार शुरू करने के लिए मिलने वाले लोन और विभिन्न प्रकार की छूटों के बारे में बताया। अधिष्ठाता डॉ. अनूप कुमार सिंह ने कहा कि स्टार्टअप योजना युवाओं को रोजगार प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

मेरे सपनों का भारत नारा नहीं बल्कि एक संकल्प हैं - दयाल दास

बेमेतरा/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा आज टाउन हॉल, बेमेतरा में जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने सपनों के भारत को चित्रों और शब्दों के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल रहे। विजेता प्रतिभागियों को उन्होंने अपने हाथों से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

श्री बघेल ने कहा कि मेरे सपनों का भारत सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है। इसे साकार करने के लिए छात्र, शिक्षक, अभिभावक और समाज के हर वर्ग की सहभागिता अनिवार्य है। विद्यार्थियों से कहा कि स्वच्छ भारत, विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हम सभी अग्रणी भूमिका निभाते हुए आगे आएंगे। स्वच्छता को आदत बनाना होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और नगद राशि से पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे प्रतिभागी कुमारी केकती यादव को नगद 5100 रुपए द्वितीय स्थान पर रहे अंशु श्रीवास एवं सयुक्त रूप से तृतीय स्थान के लिए प्रिया जांगड़े एवं नमन चंदेल को 1100 -1100 सौ रुपए से पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता के लिए प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान के लिए क्रमशः डींगेश्वरी साहू, अनुकृति एवं ताम्रध्वज धीवर को पुरस्कृत किया गया।

UPI पर शुल्क डिजिटल इंडिया के नाम से जनता पर बोझ : शाहिद भाई

नवरात्र और पर्वकाल माह में लागू करना धार्मिकता पर सरकारी चोट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने ख्कठ्ठ लेन-देन पर Merchant Discount Rate (MDR) लागू किए जाने के निर्णय पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि जिस ख्कठ्ठ को सरकार ने देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया, उसी को अब शुल्क वसूली का जरिया बना लिया है जो छोटे , बड़े व्यापारियों, दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं साथ अन्याय है।

शाहिद भाई ने बताया कि ख्कठ्ठ ने देश में डिजिटल भुगतान को आसान बनाया है। ये व्यवस्था आज करोड़ों लोगों के रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बन चुका है। जिस प्रकार से केंद्र सरकार यह गुमराह कर रही है कि स्क्षक्र केवल कुछ पर ही लागू होगा और ?2,000 तक के लेन-देन इससे बाहर रहेंगे जो पूरी तरह से गुमराह पूर्ण कृत्य है इस व्यवस्था से बैंकों को 20 हजार करोड़ को होने वाली वित्तीय घाटा को पूरा करने की बात की जा रही है वहीं बैंकों को पिछले वित्तीय वर्ष में 4 लाख करोड़ के लाभ की बात छुपाई जा रही है साथ ही साथ 15 अक्टूबर नवरात्र कि पंचमी से लागू की जाने वाली यह योजना मोदी सरकार की संस्कृति व धार्मिकता पर सरकारी चोट रूपी निर्णय है क्योंकि सरकार ने ही सावन में दूध ,दही पर जी एस टी लागू की थी अब जब भारत में अक्टूबर से जनवरी माह को पर्वकाल कहा जाता है।

इन्हीं माह में नवरात्र, दशहरा,दीपावली, छठ पर्व आता है गरीब परिवार भी कम से कम 5 हजार की खरीदारी करता है यहां तक पूरे साल की खरीददारी और इन माह की खरीददारी कई गुना अधिक होती है इसलिए कांग्रेस केंद्र सरकार से पूछ रही है कि जब सरकार ख्कठ्ठ को देश की डिजिटल क्रांति की सफलता का उदाहरण का श्रेय ले रही है, तो अब इसके आर्थिक संचालन का बोझ व्यापारियों पर और पीछे दरवाजे से जनता पर डालना क्या उचित है।

आबकारी एक्ट के तहत 80 पौवा शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला पुलिस टीम ने आबकारी एक्ट के 1 प्रकरण में 1 आरोपी राजेन्द्र देवांगन निवासी कुसमी, थाना बेरला जिला बेमेतरा के कब्जे से 80 पौवा कीमती लगभग 8,120 रूपये, परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती करीबन 15,000 रूपये लगभग 23,120 रूपये को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई हैं।



नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी, मतदाता सूची का कार्यक्रम जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने दिसंबर 2026 में होने वाले नगरीय निकाय आम एवं उप निर्वाचन के लिए मतदाता सूची तैयार करने का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया है।

इस संबंध में आयोग की सचिव शिखा राजपूत तिवारी ने आदेश जारी किया है। यह मतदाता सूची 01 अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर तैयार की जाएगी। पहला चरण - प्रारूप मतदाता सूची तैयार करना 05 अक्टूबर 2026 तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति, कर्मचारियों का चयन और प्रशिक्षण पूरा किया जाएगा। 06 अक्टूबर 2026 तक भारत निर्वाचन आयोग की 01 अक्टूबर 2026 की विधानसभा मतदाता सूची जिला निर्वाचन कार्यालयों को प्राप्त होगी। 09 से 13 अक्टूबर तक विधानसभा की सूची को वार्डवार विभाजित कर सॉफ्टवेयर में शिफ्ट करने का कार्य होगा। 14 से 16 अक्टूबर तक चेकलिस्ट तैयार कर त्रुटि सुधार और मुद्रण के लिए जिला कार्यालय को भेजा जाएगा।21 अक्टूबर तक मतदाता सूची का मुद्रण पूरा कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा। दूसरा चरण - दावे-आपत्ति और अंतिम प्रकाशन 23 अक्टूबर 2026 से मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन और दावे-आपत्तियां लेना शुरू होगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन / फैक्स नं. - 07856-252362, ई-मेल- eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सूचना क्र./07/ले.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां.खण्ड/ 2026 — दन्तेवाड़ा, दिनॉकः 01.10.2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ऑन लाईन निविदा प्रपत्र 'एफ' 'लम्पसम' में एकमुश्त अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन के श्रेणी- 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

क्र.	एन.आई.टी/दिनॉक एवं सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का विवरण	निविदा आमंत्रण	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
1	07/01.10.2026 200658	धुरली समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत एप्रोच ब्रिज का निर्माण कार्य मय ड्राइंग, डिजाईन 12 माहके गारंटी अवधि के साथ सभी सिविल कार्य सहित। ग्राम धुरली, विकासखण्ड दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा	द्वितीय काल	36.65	27490

निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

टीप :-निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनॉक 16.10.2026 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

जी-262703711/3

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202609101200020 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा है कि आवेदिका केकती बाई पति स्व. कोमल सिंह निवासी पुलिस लाईन सेक्टर-10 भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा ग्राम निकुम तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 57/3, 182/4, 192, 517/1 रकबा कुल 1.1150 हे. भूमि जो कि सहखातेदार शबनम यादव आ. स्व. कोमल सिंह के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु दिनांक 01.07.2026 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.10.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.09.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर)

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र./4515/ जीडीसी/मेटे/AMC-CMC/2026 — रायपुर, दिनांक 01/10/2026

/ / तृतीय निविदा सूचना //

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के विभिन्न विभागों में स्थापित इलेक्ट्रानिक डेंटल चेयरों का व्यापक वार्षिक रखरखाव (CMC) कार्य **'जहाँ है जैसा है' के शर्त** पर किये जाने हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Manufacturer, Dealers or sub-dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किये जा सकते है। इसके लिये राशि रूपये 1000/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक 23/10/2026 सायं 5:30 बजे तक राशि रू. 1000/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार हैः-

इलेक्ट्रानिक डेन्टल चेयरो का व्यापक वार्षिक रखरखाव कार्य (सी.एम.सी.)
Comprehensive Annual Maintenance Contract (CMC)

क्र.	विवरण	डेंटल चेयरों की अनुमानित संख्या	अनुमानित लागत (रू.)	धरोहर राशि (रु.)
01	Electronic Dental Chair व्यापक वार्षिक रखरखाव कार्य (CMC)	(कान्फिडेन्ट 66 नग, सायमेक्स 40 नग, चेसा 12 नग तथा सुजडेन्ट 10 नग) **कुल -128 नग**	20 लाख	20 हजार

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि	-	23/10/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	28/10/2026 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा खोलने की तिथि	-	29/10/2026 समय दोपहर 12.30 बजे
निविदा जमा करने का स्थान	-	शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर
निविदा खोलने का स्थान	-	शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ0ग0)

जी-262703722/3

45 लाख से अधिक के गांजे के साथ 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

गरियाबंद / नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रातंर्गत अवैध गांजा, शराब एवं हीरा के परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देष दिये थे। जिसके परिवालन में समस्त थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर सक्रिय किये है।

दिनांक 04.10.2026 को थाना प्रभारी गरियाबंद को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि सफेद, पीला रंग के महेष बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0634 के कंडेक्टर व ड्रायवर के द्वारा अपने बस में अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ ले कर परिवहन कर रहा है। मुखबीर के सूचना के आधार पर थाना से पुलिस एवं स्पेष टीम भेज कर घटना स्थल बसस्टैण्ड पहुच कर बस का समक्ष गवाह के तलाषी लिया गया। तलाशी के दौरान बस के पीछे डीक्की में रखे 05 जुट के बोरी के साथ 07 पैकेट में कुल 67.842 किलो ग्राम अवैध गांजा मादक पदार्थ कीमती 33 लाख 92 हजार 100 रूपये को समक्ष गवाह के जप्त किया गया। प्रकरण के आरोपी का नाम पता पुछने पर अपना नाम 01) शमसुद्दीन पिता शेख छोटे उम्र 41 साकिन ग्राम माचा थाना मोदहा जिला हमीरपुर (उ.प्र.) हाल- मोदहापारा मस्जिद गली रायपुर 02) आषोक यदू पिता लालमन यदू उम्र 32 साल साकिन टिकरापारा देवभोग जिला गरियाबंद को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रकरण के दोनो आरोपियों को पुलिस अभीरक्षा में ले कर उक्त गांजा के खरिदी-बिक्री के संबंध में पुछताछ करने पर बताया कि 03) भजन धुरवा पिता श्रीधर उम्र 35 साल साकिन ग्राम दरलीपारा थाना देवभोग हाल- बलरामपुर थाना जुनागढ़ जिला कालाहाण्ड़ी उड़ीसा से खरिदी करना बताया। प्रकरण में एण्ड टू एण्ड कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों के कब्जे से 67.842 कीमती 33 लाख 92 हजार 100 रूपये किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ 05 जुट के बोरी में भरे हुए 137.300 किलो ग्राम चांवल, घटना में प्रयुक्त बस कीमती लगभग 15 लाख, आटो कीमती 01 लाख 50 हजार 02 नग मोबाइल को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। प्रकरण में आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 बी (ढ्ढ्ढ)(ष्ट) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में थाना प्रभारी मैनपुर को मुखबीर से सूचना मिला की देवभोग-रायपुर बस में सवार यात्री अपने पास अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ रख कर रायपुर की ओर जा रहा है। मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मैनपुर से पुलिस टीम भेज कर मां शारदा बस को रोक कर बस में सवार संदिग्ध व्यक्ति का नाम पता पुछने पर अपना नाम दामोदर मेहेर पिता कृष्णाचंद उर्फ क्रुष्णाचंद मेहेर उम्र 40 साकिन नकटीगुडा थाना जुनागढ़ जिला कालाहांडी उडीसा का रहने वाला बताया आरोपी के समान का तलाषी लेने पर एक नीला सफेद रंग के कार्टन के अंदर, थर्माकोल आईस बॉक्स के अंदर दो पैकेट में कुल 23. 750 किलो ग्राम कीमती 11 लाख 87 हजार 500 रूपये का अवैध गांजा समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का तलाशी लेने पर 02 नग मोबाइल फोन जप्त किया गया।

न्यूज गैलरी

अकाल पुरख की फौज का प्रदेश स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

रायपुर / नवप्रदेश। अकाल पुरख की फौज द्वारा प्रदेश स्तरीय सदस्यों एवं उनके परिवारों के लिए रायपुर ग्रीन्स में आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह हर्षोल्लास, उमंग, पारिवारिक आत्मीयता और सामाजिक एकता के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अकाल पुरख की फौज के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दत्ता ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि संगठन के सदस्यों एवं उनके परिवारों को एक-दूसरे के करीब लाना, आपसी परिचय बढ़ाना तथा सुख-दुःख में एक-दूसरे के सहभागी बनने की भावना को मजबूत करना था। उन्होंने कहा कि बच्चों की किलकारियां, परिवारों की मुस्कुराहट, सदस्यों का आपसी प्रेम और बुजुर्गों का आशीर्वाद देखकर यह उद्देश्य आज साकार होता दिखाई दिया।कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं एवं सभी सदस्यों के लिए अनेक मनोरंजक एवं रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें बच्चों एवं महिलाओं की कुर्सी दौड़, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दंपति प्रतियोगिता, मिस्टर एवं मिसेज़ पंजाबी, सर्वश्रेष्ठ दंपति, सक्रिय दंपति सहित अनेक खेल एवं मनोरंजक गतिविधियां शामिल रहीं। सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कार्यक्रम को यादगार बनाया।गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में अमरजीत सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला सहित समाज के अनेक गणमान्य एवं प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के पारिवारिक कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

स्वर्गीय राजकुमार अग्रवाल की स्मृति में 'अग्रपुंज' पुरस्कार से सम्मानित किया गया

कुरूद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा दशम अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन अंबिकापुर स्थित होटल बसंत में किया गया। समारोह में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर स्वर्गीय श्री राजकुमार अग्रवाल जी की स्मृति में 'अग्रपुंज' पुरस्कार 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी प्रगति अग्रवाल को प्रदान किया गया। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर उपस्थित अग्र बंधुओं एवं समाज के वरिष्ठजनों ने उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री राजेश अग्रवाल जी एवं सांसद श्री चिंतामणि महाराज जी रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुलभूषण मित्तल जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल जी सहित संगठन के पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में अग्र बंधु उपस्थित रहे। पुरस्कार के प्रायोजक श्री मनोज राजकुमार अग्रवाल, कुरूद ने स्वर्गीय श्री राजकुमार अग्रवाल जी की स्मृति में सुपुत्र मनोज अग्रवाल द्वारा यह सम्मान प्रदान किया। मनोज अग्रवाल ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को सम्मान और प्रोत्साहन देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों की सफलता केवल उनके परिवार का गौरव नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा है।मनोज अग्रवाल ने शिक्षा, प्रतिभा और संस्कार समाज की प्रगति के प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर और प्रोत्साहन मिलता रहे, यही इस सम्मान का उद्देश्य है।

सेवा संकल्प अभियान: पिथौरा में आयोजित 'सेवा सेतु शिविर' में पहुंचे 38 आवेदन

पिथौरा / नवप्रदेश।शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचाने और स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगर पंचायत पिथौरा परिसर में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन-प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को पाटना तथा विभिन्न विभागीय सेवाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना रहा। शिविर में कुल 38 आवेदन विभिन्न विभागों के समक्ष प्रस्तुत हुए, जिनमें से अधिकारियों ने 29 मामलों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को तत्काल राहत प्रदान की, जबकि शेष 9 आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने की प्रक्रिया में लिया गया।शिविर के दौरान स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को प्रमुखता से हल किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा को प्राप्त सभी 13 आवेदनों की जांच कर उनका शत-प्रतिशत निराकरण किया गया। इसके साथ ही जरूरतमंद परिवारों को तत्काल आर्थिक संबल देने वाली 'श्रद्धांजलि योजना' के तहत आए सभी 3 आवेदनों तथा विद्युत विभाग के 3 मामलों का भी तत्काल समाधान सुनिश्चित किया गया।नगर पंचायत पिथौरा से जुड़े मूलभूत सुविधाओं व नागरिक सेवाओं के कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 10 का मौके पर निराकरण कर लिया गया ।

एसडीएम दफ्तर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

जमीन के काम के बदले 10 हजार घूस लेते सहायक ग्रेड-3 रंगे हाथ गिरफ्तार

■ प्रार्थी चंद्राकर की शिकायत पर रायपुर एसीबी ने बिछाया जाल

कुरूद / नवप्रदेश। कुरूद स्थित अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने दबिश देकर सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी चुनेश्वर सूर्यवंशी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। बाबू द्वारा जमीन से संबंधित एक प्रकरण के निराकरण के एवज में प्रार्थी से इस अवैध राशि की मांग की गई थी।



सत्यापन के बाद बिछाया गया ट्रैप का जाल

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित प्रकाश चंद्राकर अपने जमीन संबंधी डायवर्सन कार्य के लिए एसडीएम कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। इसी दौरान शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 बाबू चुनेश्वर सूर्यवंशी ने काम आगे बढ़ाने के लिए 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। प्रार्थी भ्रष्टाचार के खिलाफरुख अपनाते हुए सीधे एसीबी के पास पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। ?एसीबी की तकनीकी टीम ने प्राथमिक जांच में रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि (सत्यापन) की। शिकायत सही पाए जाने पर अधिकारियों के मार्गदर्शन में ट्रैप दल गठित कर पूरी रणनीति तैयार की गई।

कार्यालय में दबिश, घूस लेते ही दबोचा-

तय योजना के मुताबिक, प्रार्थी केमिकल लगे नोट लेकर एसडीएम दफ्तर पहुंचे। जैसे ही प्रार्थी ने आरोपी बाबू चुनेश्वर सूर्यवंशी को

10 हजार रुपये थमाए, पहले से सादे कपड़ों में मुस्तैद एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया।

कम बरामदः टीम ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत के 10 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। हाथ धुलाने पर पुष्टिः केमिकल लगे नोटों को छूने के बाद जब आरोपी के हाथ पानी में धुलवाए गए, तो रंग गुलाबी हो गया, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई।

प्रशासनिक महकमे में अफरातफरी

कार्यालयीन समय के दौरान एसडीएम दफ्तर में अचानक हुई एसीबी की इस छापेमारी से कर्मचारियों और काम कराने आए आम नागरिकों में अफरातफरी मच गई। एसीबी की टीम आरोपी को अभिरक्षा में लेकर में लेकर सिविल न्यायालय कुरूद में ले गई। इसके साथ ही कार्यालय के भीतर दस्तावेज खंगाल और आवश्यक पंचनामा तैयार कर कई सारे दस्तावेज भी ले गई।फिलहाल भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के अधिकृत बयान के बाद प्रकरण से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा होगा।

विद्यार्थियों से संवाद कर सरपंच ने जाना उनकी पढ़ाई और भविष्य की तैयारी

नगरी / नवप्रदेश। ग्राम पंचायत के सरपंच संत कुमार मरकाम ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ करीब चार घंटे तक संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचि, समस्याओं और भविष्य के लक्ष्यों को नजदीक से समझने का प्रयास किया। इस दौरान विद्यार्थियों से चर्चा कर यह जाना गया कि वे किस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और उसे हासिल करने के लिए किस तरह मेहनत कर रहे हैं।

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और अपेक्षाओं को सामने रखा। सरपंच संत कुमार मरकाम ने कहा कि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थी सरकारी नौकरी की तैयारी करना चाहते हैं, लेकिन सही मार्गदर्शन के अभाव में वे भटक जाते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को समय रहते लक्ष्य निर्धारित कर नियमित दिनचर्या बनाने और निरंतर मेहनत करने की आवश्यकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि सरकारी नौकरी पाना ही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। शिक्षा के साथ एक अच्छा इंसान बनना भी बड़ी उपलब्धि है। मनोरंजन, नृत्य, कला, खेल, व्यवसाय सहित अनेक क्षेत्रों में भी युवा अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।बैठक के दौरान सामने आई समस्याओं के समाधान के लिए सरपंच ने आवश्यक सहयोग और योजनाबद्ध प्रयास करने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ लंबे समय तक सहज संवाद के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

डाइट नगरी के द्वितीय वर्ष के डी एल एड छात्राध्यापक के चालीस दिवसीय शाला अनुभव के अकादमिक मानिटरिंग

नगरी / नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के शासकीय प्राथमिक छिपली, गोरेगांव,बोड़रा , मिडिल स्कूल गोरेगांव में डाइट के वरिष्ठ संकाय सदस्य डी. के. साहू एवं व्याख्याता प्रकाश सिंह के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षु छात्राध्यापक के शिक्षण कौशल, कक्षा अनुशासन एवं कार्य कुशलता के साथ- साथ नियमित उपस्थिति और समय की पाबंदी , दैनिक पाठ्य योजना,शिक्षण विधि और गतिविधि, टी.एल. एम. का उपयोग,कक्षा प्रबंधन,छात्रों का संवाद, पर्यवेक्षण डायरी से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का अवलोकन किया गया एवं प्राथमिक विद्यालय के शैक्षणिक गुणवत्ता और शिक्षण स्तर की जानकारी हेतु शाला के बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक

ज्ञान कक्षा के अनुरूप बच्चे पढ़,लिख पा रहे हैं कि नहीं , विषय का समझ बन पा रहे कि नहीं की जानकारी हेतु प्राथमिक शाला छिपली के कक्षा तीसरी के तीन बच्चे से जानकारी लिए एवं बोड़रा प्राथमिक शाला के कुणाल कश्यप और अन्य विद्यार्थियों से सवाल किए गए। सभी बच्चों ने गणित सवाल एवं पठन कौशल का सही-सही प्रदर्शन किया। सभी विद्यालयों के प्रधान पाठक एवं साथी शिक्षक स्कूल निरीक्षण के दौरान कक्षा शिक्षण करते पाये गए। शाला परिसर की स्वच्छता, मूलभूत सुविधाएं, मिड डे मिल, संसाधनों की उपलब्धता, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति आदि संतोषप्रद पाये गए। निरीक्षण के दौरान सोनिया साहू, दुलेश्वरी चन्द्रवंशी, पद्मावती ध्रुव,अल्का नाग,हेम प्रभा साहू,डिलेश्वरी साहू,राकेश कुमार कोसरिया , चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम, एवं अन्य शिक्षक साथी उपस्थित पाये गये ।

रायपुर रेलवे स्टेशन पर पेयजल गुणवत्ता की जांच

रायपुर / नवप्रदेश।। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेशनों पर पेयजल की गुणवत्ता की नियमित एवं सघन निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, श्री देवेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष पेयजल गुणवत्ता जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान रायपुर रेलवे स्टेशन के विभिन्न पेयजल स्थलों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान भौतिक परीक्षण, अवशेष क्लोरीन एवं टी.डी.एस. की जांच के साथ-साथ आवश्यकतानुसार बैक्टीरियोलॉजिकल जांच हेतु पेयजल के नमूने भी एकत्रित किए गए।

जांच के दौरान प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 पर स्थित बसंती देवी जल सेवा केंद्र के पेयजल का भौतिक परीक्षण किया गया तथा अवशेष क्लोरीन एवं टी.डी.एस. की जांच की गई। जांच में पेयजल का नमूना निर्धारित जल गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त जल सेवा केंद्र के पानी की पूर्व में भी दिनांक 29.09.2026 एवं 01.10.2026 को जांच की गई थी, जिसमें भी पानी की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई थी।

इसी क्रम में प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 पर स्थित नल क्रमांक 45 के पानी की भी जांच की गई, जिसमें पानी निर्धारित जल गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाया गया। इसके अलावा प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 के दुर्ग छोर पर स्थित वॉटर कूलर के पेयजल की गुणवत्ता की भी जांच की गई। वहीं, प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर स्थित वाटर वेंडिंग मशीन से बैक्टीरियोलॉजिकल जांच हेतु पेयजल का नमूना संग्रहित किया गया।

बाढ़ प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दे सरकार : विधायक

सिमगा/नवप्रदेश। क्षेत्र में हाल ही में आई बाढ़ से किसानों की फसलों को हुए नुकसान को लेकर विधायक इन्द्र साव ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों को फसल क्षति का उचित सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग की है।ग्रामीणों की जानकारी अनुसार सिमगा ब्लॉक में लगभग उन्नीस सौ एवं भाटापारा ब्लॉक में लगभग ग्यारह सौ एकड़ फसल नुकसान हुआ है

विधायक इंद्र साव ने कहा कि बाढ़ के कारण कई गांवों में खेतों में पानी भरने से किसानों की खड़ी फसल प्रभावित हुई है। किसानों को पहले ही खेती-किसानी में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में बाढ़ से हुई क्षति ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि गंगरेल बांध से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण महानदी का जलस्तर बढ़ गया था जिसके चलते शिवनाथ नदी में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुई।उन्होंने कहा कि इस स्थिति से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के शिवनाथ नदी किनारे स्थित गांवों में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वोट चोरी के खिलाफ मैनपुर मे कांग्रेस द्वारा जंगी रैली निकाल ज्ञानेश कुमार का फूंका गया पुतला

गरियाबंद / नवप्रदेश। चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के तत्वावधान में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर मे उग्र प्रदर्शन किया, हाथों में झंडे-बैनर लेकर सड़कों पर उतरे कांग्रेसियों ने जंगी रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए मैनपुर नगर के बस स्टैंड पहुंचे। बस स्टैंड परिसर में एकत्रित हुए आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया और उनके तुरंत इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनाव प्रणाली की निष्पक्षता को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। चुनाव आयोग निष्पक्ष भूमिका निभाने में विफल रहा है और जनता के जनादेश के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महामंत्री गेंदु यादव ने कहा चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर कार्य कर रही है और अब चुनाव आयोग से देश की जनता का विश्वास उठ चुका है जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तिफा नही देंगे

पेज 1 का शेष

9500 पन्नों के चालान में कई...

से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा सीएम हाउस के नाम से विश्राम गृह की बुकिंग तथा बालको और आरकेटीसी के पत्राचार से जुड़े दस्तावेजों का भी उल्लेख किया गया है। जांच में राजनीतिक गतिविधियों में रकम के इस्तेमाल, भूमि और वाशरी की खरीद तथा नकद रकम के लेन-देन से संबंधित तथ्यों को भी चालान का हिस्सा बनाया गया है। कोयला घोटाला मामले में इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से एक मुख्य चालान और पांच पूरक चालान विशेष न्यायालय में पेश किए जा चुके हैं। चालान में राम गोपाल अग्रवाल, देवेन्द्र यादव, विनोद तिवारी, रामप्रताप सिंह, चंद्रदेव राय, जयप्रकाश मौर्य, पियूष कुमार साहू, जोगेन्दर सिंह, अनुराग चौरसिया, दीपेश टांक, सुनील कुमार अग्रवाल एवं राहुल मिश्रा की भूमिका शामिल है।

चालान में शामिल आरोपियों...

रखने तथा अवैध वसूली की व्यवस्था में सहयोग करने में उनकी भूमिका पाई गई है। पैलेट उद्योगपतियों को 100 रूपए प्रति टन की रकम सूर्यकांत तिवारी अथवा उसके लोगों को देने के निर्देश दिए जाने का विवरण भी उनके विरुद्ध चालान में शामिल है।

पियूष कुमार साहू : पियूष कुमार साहू की भूमिका अपनी बहन रानू साहू को कोयला लेवी से प्राप्त रकम अपने एवं परिवारजनों के नाम संपत्तियों में निवेश कराने में पाई गई है। परिवार से संबंधित 13 संपत्तियों की खरीदी में बैंक खातों से भुगतान के अलावा रजिस्टी मूल्य के अतिरिक्त नकद भुगतान भी किया गया।

चुनाव आयोग ने कानून...

के दौरान अलग से लगाया गया था। इसे सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिली है।

14 कथित फैसलों को भी चुनौती

एडवोकेट शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े कई कथित एकतरफा फैसलों को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता ने मामले की स्वतंत्र जांच कराने और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग भी की है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा...

में राज्यसभा की 31 सीटें हैं। इनमें 10 सीटों पर 16 अक्टूबर को चुनाव होना है। 6 अक्टूबर को नामांकन का आखिरी दिन है।

अपराधियों में मौत का डर...

इस दौरान बस करीब 47 किमी दौड़ती रही। बस के शीशों पर पर्दे लगे थे।

12 सितंबर: स्वरूप नगर में 16 साल की नाबालिग से गैंगरेप-हत्या। अगले दिन खेत के पास खुले मैदान में शव मिला। चार आरोपी गिरफ्तार हुए, जिनमें तीन नाबालिग हैं।

21 सितंबर: दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास आस्था कुंज पार्क में 17 साल की नाबालिग अपने दोस्त के साथ बैठी थी। तीन युवकों ने फर्जी पुलिस वाले बनकर छात्रा से रेप किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

सिंगापुर से छत्तीसगढ़ में...

का काम करती है। सिंगापुर के अलावा भारत, मलेशिया, कजाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया में भी कंपनी की मौजूदगी है।

एआई के लिए तैयार होगा डेटा सेंटर कैंपस: प्रस्तावित डेटा सेंटर कैंपस की क्षमता 100 मेगावाट होगी। इसे एआई से जुड़े कामों के लिए पहले से तैयार किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक यहां बड़े स्तर पर एआई और डिजिटल सेवाओं के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पहले से देश के पहले,ढ्ढ डेटा सेंटर पार्क की दिशा में काम कर रहा है।

सफलता का कोई शॉर्टकट...

लगातार कोशिश ही उसे आगे ले जाती है। उन्होंने कहा कि हर काम में मेहनत और लगन जरूरी है। आप जितनी ईमानदारी और मेहनत से अपना लक्ष्य हासिल करने की कोशिश करेंगे, सफलता भी उतनी ही बड़ी होगी। उन्होंने अपने रणजी सफर को संघर्ष, अनुभव और सीख से भरा बताते हुए कहा कि हर मुकाबला खिलाड़ी को कुछ नया सिखाता है।

इंडिगो में आज से सफर...

किराया बढ़ाया था। एयरलाइन के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल महंगा होने से लिया गया है।

2 दिन बाद कुछ इलाकों में बूंदाबांदी के आसार, मानसून की वापसी शुरू होने लगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर अब लगभग खत्म हो गया है। आज प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश की संभावना नहीं है। दिन में तेज धूप के कारण गर्मी और उमस बढ़ गई है। राजनांदगांव में पारा 35℃ तक पहुंच गया है। अगले 2-3 दिनों में भी बारिश की गतिविधियां कम रहने के आसार है। हालांकि, दो दिन बाद प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग ने आज के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की है। रायपुर में आज मौसम साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 35°C और न्यूनतम तापमान करीब 24°C रहने का अनुमान है। दिन में तेज धूप के कारण गर्मी और उमस परेशान कर सकती है, जबकि सुबह और रात में मौसम अपेक्षाकृत आरामदायक रहेगा। रविवार को रायपुर में अधिकतम तापमान 34.4°C दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 2°C ज्यादा था। न्यूनतम तापमान 23.9°C रहा। दिनभर बारिश नहीं हुई।

मानसून की विदाई शुरू: मौसम विभाग के मुताबिक 4 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों से मानसून की वापसी हो चुकी है। अगले 2-3 दिनों में प्रदेश के कुछ और हिस्सों से मानसून के लौटने के लिए मौसम अनुकूल होने की संभावना है। इसका असर यह होगा कि प्रदेश में बारिश की गतिविधियां धीरे-धीरे कम होंगी। हालांकि अगले दो दिनों में एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका भी बनी रहेगी।

विसर्जन कुंड का पानी उतरते ही सामने आई मूर्तिकारों के दावों की पोल

गरियाबंद / नवप्रदेश। सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जेलों में निरुद्ध बंदियों की आयु के सत्यापन तथा बच्चों से संबंधित संरक्षण की स्थिति की जांच के उद्देश्य से 29 सितंबर 2026 को जिला जेल गरियाबंद का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वरुण नागेश के निर्देश एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल द्विवेदी के मार्गदर्शन में गठित जेल निरीक्षण समिति ने जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति ने जिला जेल की 8 बैरकों का निरीक्षण किया तथा प्रत्येक बंदी से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी वास्तविक आयु एवं अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय जेल में कुल 240 बंदियों से संबंधित स्थिति सामने आई, जिसमें 228 बंदी जेल में निरुद्ध पाए गए, जबकि 12 बंदी अपने प्रकरणों की अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय गए हुए थे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि आयु निर्धारण में किसी प्रकार की प्रक्रियागत त्रुटि या संदेह के कारण कोई बालक जेल में निरुद्ध न रह जाए। समिति द्वारा बंदियों से उनकी जन्मतिथि एवं आयु से संबंधित जानकारी लेकर आवश्यक तथ्यों का परीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान एक बंदी ने समिति को बताया कि उसकी उम्र 18 वर्ष से कम प्रतीत होती है। समिति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित बंदी की जन्मतिथि एवं आयु के सत्यापन के लिए आवश्यक अग्रिम कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। आयु सत्यापन के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह दो बंदियों ने बताया कि उनके जेल में निरुद्ध रहने के कारण उनके बच्चों की घर पर देखरेख एवं संरक्षण करने वाला कोई वैध संरक्षक उपलब्ध नहीं है।

सम्मान : एल्टाई राजनांदगांव चैप्टर ने शिक्षकों को दिया सम्मान का मंच

शिक्षक राष्ट्र ही नहीं, समाज और संस्कृति के भी निर्माता : ठाकुर

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। एल्टाई राजनांदगांव चैप्टर के तत्वावधान में लाल बहादुर नगर में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे शिक्षकों ने सहभागिता की। कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, खैरागढ़, बेमेतरा, राजनांदगांव, रायपुर, अंबागढ़ चौकी, मानपुर, पेंड्रा रोड और डोंगरगढ़ सहित अनेक क्षेत्रों से आए शिक्षकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एम.डी. ठाकुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाल बहादुर नगर मंडल भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा ने की। इसी तरह विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशीला शर्मा, ईश्वरी कुमार सिन्हा, मोहन लाल बोगा, अरुण कुमार साहू आदि रहे। समारोह का शुभारंभ माता बहादुरिन कलारिन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। रायपुर से पहुंची कु. पूर्वी सिन्हा ने भरतनाट्यम की आकर्षक प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया।

शिक्षक समाज और संस्कृति के निर्माता : मुख्य अतिथि एम.डी. ठाकुर ने कहा कि शिक्षक केवल राष्ट्र निर्माता ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति के भी निर्माता हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान देने के साथ उनके व्यक्तित्व, संस्कार और जीवन मूल्यों का निर्माण करते हैं। उन्होंने अब्राहम लिंकन, डॉ. नेल्सन मंडेला और अरुणिमा सिन्हा के संघर्षपूर्ण जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियां सफलता की राह में बाधा नहीं, बल्कि प्रेरणा बन सकती हैं। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के संघर्षों का उल्लेख करते हुए शिक्षक समुदाय को हरसंभव सहयोग देने की बात कही।

शिक्षकों ने साझा की संघर्ष यात्रा

सम्मान समारोह में विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों ने अपनी संघर्ष यात्रा, अनुभवों और उपलब्धियों को साझा किया। शिक्षकों ने सीमित संसाधनों एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इससे समारोह का वातावरण प्रेरणादायी बन गया।

शिक्षक समाज का प्रमुख हस्ताक्षर : कोंडागांव से पहुंची प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुशीला शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज का एक प्रमुख हस्ताक्षर होता है। एक समर्पित शिक्षक विषम परिस्थितियों में भी विकास की हरियाली ला सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों के विकास के लिए किए गए अपने प्रयासों और अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर प्रोग्राम सेक्रेटरी मोहन लाल बोगा ने भी शिक्षक एवं विद्यार्थी विकास के लिए निरंतर सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सुदूर वनांचल क्षेत्रों में विद्यार्थियों के अंग्रेजी भाषा विकास तथा राष्ट्रीय सेवा योजना में उनकी भूमिका को देखते हुए उन्हें शासन द्वारा इस वर्ष गवर्नर अवॉर्ड के लिए नामांकित किए जाने की जानकारी भी दी गई।

संघर्ष से मिलती है सफलता

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने कहा कि जीवन में कोई भी सफलता एक दिन में नहीं मिलती।

कराते स्पर्धा में संत ज्ञानेश्वर स्कूल को 8 मेडल

भिलाई में इंडो- नेपाल इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में एक गोल्ड, एक सिल्वर और छह ब्रांज किया अपने नाम

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 भिलाई नगर में आयोजित इंडो-नेपाल ओपन इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप 2026 में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग कैटेगिरी में आठ पदक अपने नाम कर लिए। शाला के बच्चों ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों और नेपाल, श्रीलंका और भुटान के 1100 खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबलों में एक गोल्ड, एक सिल्वर और छह ब्रांज मेडल पर कब्जा किया।

महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले के साथ कार्यकारिणी और स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन सहित स्टाफ ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

स्कूल के उप प्राचार्य राहुल वोडितेलवार ने बताया कि फेनिक्स शितो-रियू कराटे डू एसोसिएशन कांचीपुरम तमिलनाडु से एफिलेटेड संस्था एलिट मार्शल आर्ट्स अकादमी द्वारा इस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जो दो से चार अक्टूबर तक भिलाई में संपन्न हुआ। स्पर्धा में संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के योगेश कुमार यादव, रौनक वर्मा, वेदांत साहू, खुशी सहारे, मुस्कान यादव, इशिका रैवार और निधि साहू ने भाग लिया था।

वोडितेलवार के अनुसार योगेश साहू ने जूनियर कैटेगिरी में एक गोल्ड और एक ब्रांड मेडल जीता। वहीं ईशिका रैवार ने एक ब्रांज, कैडेट्स ग्रुप में वेदांत साहू ने दो ब्रांज और खुशी सहारे ने एक ब्रांज अपने नाम किया। इसके साथ रौनक वर्मा ने सब जूनियर कैटेगिरी में एक सिल्वर और एक ब्रांज पर कब्जा किया। वहीं संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में बच्चों को ट्रेनिंग देने वाले एमबी कराते स्पोर्ट्स अकादमी को चैंपियन ट्राफी से नवाजा गया। जिसे अकादमी के संचालक मनीष बाघ ने प्राप्त किया।

मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर में नक्सलवाद को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

■ पीएम मोदी के 25 वर्षों के राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन की उपलब्धियां गिनाई

■ सिटी बस सेवा की अव्यवस्थाएं जल्द दूर करने का दिया आश्वासन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप सोमवार को दुर्ग पहुंचे। स्थानीय सर्किट हाउस में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रहित और राष्ट्रसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया है।

मंत्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन को यादगार बनाने के लिए 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी उपलब्धियों की जानकारी समाज की अंतिम पंक्ति तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन, पोषण और देश की सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में केंद्र सरकार ने प्रभावी योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री की विदेश नीति से विश्व में भारत का मान-सम्मान भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मूलमंत्र के अनुरूप कार्य किया है। उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता के साथ तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ को भी विशेष महत्व दिया है। केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफलता मिली है और क्षेत्र के लोग अब सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा, निगम सभापति श्याम शर्मा, जिला भाजपा महामंत्री दिलीप साहू, विनोद अरोरा, एल्डरमैन तेखन सिन्हा, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, भाजपा नेता मुकेश बेलचंदन सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

सिटी बस सेवा की अव्यवस्थाएं जल्द दूर होंगी

परिवहन व्यवस्था को लेकर मंत्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन विभाग को बंद कर दिया गया था। भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में परिवहन सेवाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सिटी बस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ जिलों में सिटी बसों के नियमित संचालन को लेकर शिकायतें मिली हैं। शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सिटी बस सेवा से जुड़ी अव्यवस्थाओं को जल्द दूर कर नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

बस्तर में कांग्रेस की राजनीति पर साधा निशाना

कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत के आगामी बस्तर दौरे से जुड़े सवाल पर मंत्री कश्यप ने कहा कि बस्तर की धरती पर उनका स्वागत है, लेकिन उन्हें पहले बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कराने के लिए पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को साधुवाद देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा किए गए नरसंहार किसी से छिपे नहीं हैं। नक्सलियों ने कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की हत्या की है। मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कुछ नेता नक्सली नेता हिड़मा का गुणगान कर रहे हैं। कांग्रेस प्रभारी से सवाल किया कि क्या वे नक्सलियों का गुणगान करने वाले कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। ऐसे नेताओं पर कार्रवाई के बाद ही कांग्रेस प्रभारी को बस्तर की धरती पर कदम रखना चाहिए।

न्यूज गैलरी

विद्यार्थियों को बड़ी राहत, अब दस्तावेजों के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

दुर्ग/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की पहल पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किया गया है। अब विद्यार्थियों को डुप्लीकेट अंकसूची, माइग्रेशन प्रमाण-पत्र, उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और फोटोकॉपी जैसी सेवाएं निर्धारित प्रक्रिया के तहत 60 दिवस की समय-सीमा में उपलब्ध होंगी। मंत्री यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा का पालन करने और विद्यार्थियों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता से कार्य करने कहा।

भिलाई नगर स्टेशन में अमृत संवाद और स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम

भिलाई/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल की ओर से विशेष अभियान के तहत सोमवार को भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में 'अमृत संवाद' एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक राजेश कुमार साह ने यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से स्टेशन पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर संवाद किया। कार्यक्रम में यात्रियों और नागरिकों ने रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए विभिन्न सुझाव दिए। साथ ही यात्री गाड़ियों के ठहराव की मांग भी रखी। रेल अधिकारियों ने सुझावों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि 'अमृत संवाद' का उद्देश्य रेल प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। यात्रियों के सुझावों से रेलवे को अधिक आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, यात्री एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

भारतीय बौद्ध महासभा में धम्म सभा और धम्म देशना का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। भारतीय बौद्ध महासभा, भिलाई के तत्वावधान में सेक्टर-6 स्थित बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन के वंदना हॉल में धम्म सभा एवं धम्म देशना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भंते डॉ. सुगंध बोधी (पीएचडी-बौद्ध धर्म, सारनाथ) ने धम्म देशना प्रदान की। भंते डॉ. सुगंध बोधी ने कहा कि जीवन में अच्छे कर्म करने के साथ बुरे कर्मों से दूर रहना भी आवश्यक है। त्रिरत्न की शरण और पंचशील का पालन व्यक्ति के जीवन में सदाचार, संयम, मैत्री और सुख का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में मर्यादा, संयम और नैतिक आचरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धम्मप्रेमी शामिल हुए और श्रद्धापूर्वक धम्म देशना का श्रवण किया। भारतीय बौद्ध महासभा, भिलाई की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित सभी धम्मप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

रिसाली में कांग्रेस का रणघोष, नगर निगम चुनाव के लिए संगठन तैयार

■ भूपेश बघेल और ताम्रध्वज साहू ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, मुकेश चंद्राकर बोले- पूरी ताकत से लड़ेंगे चुनाव

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को मैत्री कुंज स्थित आशीर्वाद भवन में आयोजित संगठनात्मक बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला प्रभारी लालजी चंद्रवंशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर और चुनाव पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधायक मोहन मरकाम की मौजूदगी में चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया।

भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से बूथ और वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए जनता से सीधा संवाद बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की मेहनत और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता देना महत्वपूर्ण होगा। ताम्रध्वज साहू ने भी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरने की अपील की।

पर्यवेक्षक मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है। आने वाले दिनों में वार्डवार बैठकें, कार्यकर्ता संपर्क और जनसंपर्क अभियान को गति दी जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि रिसाली निगम चुनाव में कांग्रेस पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि बूथ और वार्ड स्तर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर जनता के बीच सक्रिय किया जाएगा।

बैठक में वार्डवार संगठनात्मक स्थिति, बूथ स्तर की तैयारियों, संभावित चुनौतियों और आगामी जनसंपर्क अभियान को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, सभापति केशव बंछोर, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पटेल, हेमंत बंजारे, प्रदेश सचिव इरफान खान, धर्मेंद्र यादव, अनूप दे, लाल चंद वर्मा, चवन राम साहू, चुम्मन देशमुख, सरिता पांडे, चंद्रकांत कोरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई की मांग

■ पीड़ित परिवार की सुरक्षा और फास्ट ट्रैक सुनवाई की मांग की

भिलाई/नवप्रदेश। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आरोपी मकान मालिक दिलावर यादव की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को छत्तीसगढ़ शिवसेना और स्थानीय लोगों ने पुलिस-प्रशासन को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई, पीड़ित परिवार को सुरक्षा और फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग की गई। पुलिस के अनुसार घटना 2 अक्टूबर की है। बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया था। परिजनों की शिकायत के आधार पर खुर्सीपार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 3 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। स्थानीय लोगों ने एसपी सिटी शोभराज अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि आरोपी के समर्थन में कुछ लोग पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इसकी जांच और परिवार की सुरक्षा की मांग की। शिवसेना के जिला सचिव पंकज नायर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में आरोपी के मकान पर कार्रवाई की मांग भी रखी गई। इसके अलावा स्थानीय लोगों ने आरोपी से जुड़े पुराने मामलों, जमीन संबंधी शिकायतों और कथित कब्जे की भी जांच कर कार्रवाई की मांग की। एसपी सिटी शोभराज अग्रवाल ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। ज्ञापन में सभी बिंदुओं की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

भिलाई/नवप्रदेश। संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एवं रुंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च में विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2026 उत्साह के साथ मनाया गया। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का विषय 'बेहतर भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना' रहा। साथ ही एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल, रायपुर के उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, संस्थान के चेयरमैन संजय रुंगटा, प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश कुमार साहू और निदेशक फार्मेसी प्रो. डॉ. चंचल दीप कौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। डॉ. चंचल दीप कौर ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी भूमिका केवल औषधि वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि दवाओं के सुरक्षित उपयोग और रोगियों के स्वास्थ्य संरक्षण में भी महत्वपूर्ण है। राहुल तिवारी ने विद्यार्थियों को ज्ञान एवं कौशल का निरंतर विकास करने और स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए पोस्टर, लीफ्लेट, स्लोगन, कार्टून, फार्मा क्विज और रील्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नुक्कड़ नाटक और एनएसएस रैली के माध्यम से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान फार्मा क्लब, प्रमाणपत्र वितरण एवं विजेताओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, समूह छायाचित्र एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजन में प्रबंधन, प्राध्यापकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और विद्यार्थियों का योगदान रहा।

डच ओपन में आकर्षी कश्यप का शानदार प्रदर्शन, बनीं उप-विजेता

■ टॉप सीड डेनमार्क की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब इस्तांबुल टूर्नामेंट पर नजर

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने नीदरलैंड में आयोजित डच ओपन इंटरनेशनल चैलेंज में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में छठी वरीयता प्राप्त आकर्षी ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया।

टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में आकर्षी ने पेट्रा सारानोवा, अज़ेयाका और क्लाया लासेक्स को सीधे गेमों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उनका सामना टूर्नामेंट की टॉप सीड और विश्व नंबर-40 डेनमार्क की एमिली सोल्ज से हुआ। आकर्षी ने आक्रामक खेल और शानदार रणनीति के दम पर सोल्ज को 21-13, 21-15 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल में आकर्षी का सामना जर्मनी की इवान लीसे से हुआ। पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में नजर आई आकर्षी ने फाइनल में भी बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद डच ओपन में उपविजेता बनकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

इस सफलता पर आकर्षी कश्यप ने पुलिस विभाग के सहयोगी अधिकारियों एवं विभागों के साथ-साथ अपने प्रायोजकों के प्रति आभार जताया। अब आकर्षी 7 से 11 अक्टूबर तक इस्तांबुल, तुर्किये में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जहां उन्हें चौथी वरीयता मिली है। डच ओपन की सफलता के बाद आकर्षी का लक्ष्य इस्तांबुल में भी अपनी शानदार लय बरकरार रखना होगा।

खाद्य विभाग की सक्रियता की कलेक्टर ने की सराहना

पाटन/नवप्रदेश। खुबचंद बघेल सामुदायिक भवन अटारी में आयोजित सेवा सेतु अभियान शिविर में विभिन्न विभागों ने आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सक्रियता से कार्य किया। खाद्य विभाग की टीम ने राशन कार्डधारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा राशन कार्ड, केवाईसी अद्यतन और शासन की विभिन्न खाद्य योजनाओं से संबंधित जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन दिया। शिविर में कुल 161 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 140 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे दुर्ग संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने खाद्य विभाग की टीम द्वारा हितग्राहियों से संवाद कर समस्याओं के समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए।

कार्यक्रम में एसडीएम प्रफुल्ल गुप्ता, खाद्य विभाग के जागेश्वर देशलहरे, नपं अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, सीएमओ हेमंत वर्मा, इंजीनियर प्रवीण साहू, खेतलाल देशलहरे आदि उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में गोदभराई

दुर्ग/नवप्रदेश। मुक्त नगर वार्ड 43 पद्मनाभपुर मार्ग स्थित आंगनबाड़ी भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा उपाध्यक्ष झरना वर्मा मुख्य अतिथि रहीं। अतिथि के रूप में श्वेता बक्शी, चम्पा साहू, कल्पना यादव एवं प्रीति साहू उपस्थित रहीं। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सुचित्रा साहू सहित पद्मनी बेलचंदन, रंजना रतनाकर, नंदनी सिन्हा, हेमलता यादव, हेमा बघेल एवं मनीषा रत्नाकर मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और बाल संदर्भ शिविर सहित महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई। एनीमिया व कुपोषण के लक्षण, बचाव और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी जागरूक किया गया। इस दौरान तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।

कार्यक्रम : एआई और बिजनेस एनालिटिक्स से प्रबंधकीय निर्णय लेने पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी में आईसेक्ट ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल) अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से प्रबंधन एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। 5 से 10 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिजनेस एनालिटिक्स फॉर मैनेजेरियल डिसीजन मेकिंग' रखा गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई, गंगाजली शिक्षण समिति चेयरमैन आईपी मिश्रा, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप जसवंत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों का पौधा एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' की प्रस्तुति भी हुई।

प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि आज एआई का प्रयोग लगभग हर क्षेत्र में हो रहा है। इसका उपयोग मानव जाति के बेहतर भविष्य और शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया जाना चाहिए। डॉ. संदीप जसवंत ने कहा कि एआई और बिजनेस एनालिटिक्स के माध्यम से डाटा का विश्लेषण कर व्यवसाय, उत्पादन, मानव संसाधन और मार्केटिंग से जुड़े निर्णय अधिक प्रभावी ढंग से लिए जा सकते हैं।

मुख्य अतिथि डॉ. राजीव प्रकाश ने कहा कि एआई का उपयोग मेडिकल साइंस, डाटा एनालिसिस, फूड टेक्नोलॉजी, ह्यूमैनिटीज और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में हो रहा है। इससे प्रबंधकों को तेजी से सटीक और डाटा आधारित निर्णय लेने में सहायता मिलती है। विशिष्ट अतिथि आईपी मिश्रा ने एआई के बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डालते हुए इसके सतर्क एवं संतुलित उपयोग की आवश्यकता बताई।

द्वितीय सत्र में डॉ. साकेत रंजन प्रवीर, प्रोफेसर, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु ने 'एआई और मशीन लर्निंग फॉर मैनेजमेंट डिसीजन' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि एआई और मशीन लर्निंग के माध्यम से बड़े डाटा का विश्लेषण कर भविष्य की परिस्थितियों का अनुमान लगाने और बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के 60 प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया। महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। ठाकुर देवराज सिंह ने आभार व्यक्त किया तथा मंच संचालन डॉ. सुषमा दुबे ने किया।

श्रमण संघ के भावी आचार्य महेन्द्र ऋषि का 60वां जन्मोत्सव मनाया

दुर्ग/नवप्रदेश। श्रमण संघ के भावी आचार्य गुरुदेव युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज का 60वां जन्मोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब में आध्यात्मिक वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सह-जोड़ों के साथ दो सामायिक साधना एवं दया व्रत की साधना का आयोजन किया गया। धर्मसभा में राष्ट्र संत मणिभद्र मुनि महाराज ने युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज को अपना बचपन का मित्र बताते हुए कहा कि दोनों को वैराग्य काल में भी साथ बीता है। आचार्य सम्राट आनंद ऋषि महाराज के सानिध्य में धर्म आराधना सीखने का अवसर दोनों को मिला। उन्होंने कहा कि युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज आचार्य भगवंत के कृपापात्र शिष्य रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में श्रमण संघ निरंतर आगे बढ़ रहा है। जन्मोत्सव पर श्रमण संघ महिला मंडल ने नेपाली, छत्तीसगढ़ी, मारवाड़ी, गुजराती और हिंदी भाषाओं में स्वागत गान एवं भक्ति गीत प्रस्तुत किए। भक्ति गीतों से धर्मसभा भक्तिमय हो गई। बसंत छत्तीसाबोहरा ने भी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज का चातुर्मास जय आनंद मधुकर रतन भवन में हुआ था। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उस चातुर्मास की स्मृतियों को साझा किया। इसी क्रम में भक्तामर संपुट अनुष्ठान का लाभ श्रमण संघ अध्यक्ष धरमचंद लोढ़ा परिवार ने लिया।

अगले माह खुलेगा भोरमदेव अभयारण्य, 21 बार नदी पार कर सफारी का मजा लेंगे पर्यटक

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव अभयारण्य को 1 नवंबर से पर्यटकों के लिए खोलने की तैयारी चल रही है। अभयारण्य क्षेत्र में इन दिनों सफाई और मरम्मत का काम जारी है। लगातार बारिश के कारण सकरी नदी में पानी का बहाव अधिक है। अभयारण्य के सफारी मार्ग में सकरी नदी को करीब 21 बार पार करना पड़ता है, इसलिए जलस्तर कम होने के बाद मार्ग को पर्यटकों के लिए सुगम बनाया जाएगा।

भोरमदेव अभयारण्य पहाड़, झरने और नदियों से घिरा होने के कारण प्राकृतिक सुंदरता के साथ वन्यजीवों के लिए भी खास पहचान रखता है। यहां पर्यटकों को जिप्सी टाइप वाहनों से जंगल सफारी की सुविधा देने की तैयारी है। भोरमदेव गेट के पास पर्यटकों के लिए आकर्षक गार्डन तैयार किया गया है। इसके साथ ही कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि भोरमदेव अभयारण्य में पर्यटन का यह दूसरा वर्ष है। इस वर्ष पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों के अधिक संख्या में पहुंचने की संभावना है। पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

साइटिंग रजिस्टर में दर्ज वन्यजीव

साइटिंग रजिस्टर के अनुसार अभयारण्य में गौर (बाइसन) की अनुमानित संख्या 100 से 110, चीतल 80 से 90, सांभर 12 से 15, नीलगाय 50 से 60 और कोटरी 40 से 50 के बीच है। इसी तरह भालू की संख्या करीब 20 से 25, जंगली सूअर 70 से 80, जंगली कुत्ते 30 से 35, लोमड़ी 15 से 20 तथा लकड़बग्घे 5 से 8 बताए गए हैं। अभयारण्य में पाम सिवेट की संख्या 30 से 35, साही 20 से 25, मोर 30 से 35 और जंगली बिल्ली 10 से 12 के बीच दर्ज की गई है।

शेर भी देखे गए

कान्हा क्षेत्र से लगे होने के कारण अभयारण्य में विभिन्न प्रकार के कयजीव पाए जाते हैं। यहां तक की शेर भी देखे गए हैं। अभयारण्य के एसडीओ अंकिता साहू ने बताया कि भोरमदेव अभयारण्य में प्राकृतिक सुंदरता के साथ वन्यजीवों की अच्छी मौजूदगी है। पहाड़, द्वारने और नदी क्षेत्र पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण है।

भोरमदेव अभयारण्य में 'पंख-2026' का रोमांच, जैव विविधता से हुए रूबरू

■ **तितलियों की दुनिया में पहुंचे 20 प्रकृति प्रेमी, जैव विविधता से रूबरू हुए प्रतिभागी**

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव अभयारण्य में आयोजित पंख 2026 बटरफ्लाई मीट सीजन-3 का दो दिवसीय प्रथम चरण सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, बिहार और ओडिशा के 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अभयारण्य क्षेत्र में तितलियों के साथ वन क्षेत्र की जैव विविधता का करीब से अध्ययन किया।

करियामा गेट पर कैंपिंग टेंट स्टे ने बढ़ाया रोमांच: कार्यक्रम कवर्धा वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के नेतृत्व में अभयारण्य अधीक्षक अनिता साहू के संचालन में हुआ। रेंजर किशोर साहू एवं स्टाफ का सहयोग रहा। ग्रुप लीडर व गाइड स्वाभा सोनी ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। करियामा गेट में कैंपिंग टेंट स्टे की व्यवस्था की गई, जिससे प्रतिभागियों को वन क्षेत्र में रात्रि प्रवास का अनुभव मिला।

विभिन्न क्षेत्रों में होंगे आयोजन: आयोजन का उद्देश्य तितलियों एवं जैव विविधता के प्रति प्रकृति प्रेमियों, युवाओं और आमजन में वैज्ञानिक समझ विकसित करने के साथ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके आगामी चरण अभयारण्य के विभिन्न जैवविविधता समृद्ध क्षेत्रों में आयोजित होंगे।

बटरफ्लाई ट्रेल से मॉथ स्टडी तक रोमांचक अनुभव

पहले दिन तितलियों के परिचय एवं बेसिक अध्ययन के बाद बटरफ्लाई ट्रेल कराया गया। शाम को बैगा नृत्य, चितेर फाउंडेशन के संस्थापक बलबीर विश्वकर्मा का लाइव स्टोन पेंटिंग सेशन और मॉथ स्टडी हुई। दूसरे दिन भी बटरफ्लाई ट्रेल के दौरान विभिन्न प्रजातियों एवं जैव विविधता का अवलोकन किया गया। समापन पर अवलोकन विवरण एकत्र कर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

न्यूज गैलरी

बालोद में 22 साल की लड़की पर एसिड अटैक: लाइब्रेरी से घर लौटते वक्त युवक ने चेहरे पर फेंका

बालोद/नवप्रदेश। जिले में एक युवती पर एसिड से हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 22 वर्षीय युवती पर एक अज्ञात युवक ने एसिड फेंक दिया। घटना के बाद युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल बालोद ले जाया गया। मामला बालोद सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, युवती बालोद नगर के आमापारा स्थित लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात युवक ने उस पर एसिड से हमला कर दिया। हमले में युवती के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। जिला अस्पताल बालोद में इलाज के बाद युवती की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए डीके अस्पताल, रायपुर रेफर किया गया है। चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। घटना के बाद बालोद सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात हमलावर की पहचान करने के लिए घटनास्थल के आसपास की जानकारी जुटा रही है और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

बलरामपुर में गांजा की खेती: पटवारी ने पुलिस को दी सूचना, 112 बड़े पौधे जब्त, उगाने का आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में मादक पदार्थ गांजे की अवैध खेती के खिलाफपुलिस ने कार्रवाई करते हुए 112 नग गांजे के पौधे जब्त किए हैं। पटवारी से मिली सूचना के आधार पर बरियों चौकी पुलिस ने ग्राम खुखरी के रखैतपारा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजे के पौधों की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस को ग्राम खुखरी के रखैतपारा क्षेत्र में गांजे की अवैध खेती किए जाने की सूचना मिली थी। यह सूचना पटवारी के माध्यम से पुलिस तक पहुंची, जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर जांच की। दबिश के दौरान पुलिस ने मौके से 112 नग गांजे के पौधे बरामद किए। पुलिस के अनुसार जब्त पौधों की अनुमानित कीमत करीब 3.50 लाख रुपये है। गांजे के पौधों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गांजे की अवैध खेती का यह मामला बरियों चौकी क्षेत्र के ग्राम खुखरी के रखैतपारा का है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच की जा रही है।

बेमेतरा में प्रसव के बाद नवजात लापता: प्रसूता को बेहोश करने का आरोप, दो महिलाओं पर शक

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले से नवजात के लापता होने का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि घर में अकेली गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने के बाद उसकी मदद के लिए दो महिलाएं पहुंचीं। परिजनों का आरोप है कि दोनों महिलाओं ने महिला को कोई दवा पिलाई, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। इसी दौरान उसका प्रसव कराया गया। जब महिला को होश आया तो उसके पास नवजात बच्चा नहीं था। घटना के सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। परिवार के लोग सदमे में हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक घटना 3 अक्टूबर को दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। उस समय गर्भवती महिला घर में अकेली थी। अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने पर उसकी आवाज सुनकर आसपास की दो महिलाएं कथित तौर पर मदद के लिए घर पहुंचीं। आरोप है कि दोनों महिलाओं ने महिला को कोई दवा पिलाई, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। इसी दौरान उसका प्रसव कराया गया। बाद में जब महिला को होश आया तो घर में न तो वे दोनों महिलाएं मौजूद थीं और न ही नवजात बच्चा। बताया गया है कि घटना के वक्त महिला का पति बकरी चराने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। वहीं उसकी सास, ससुर और देवर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूसरे गांव गए थे। इसी वजह से घटना के समय महिला घर में अकेली थी।

दहशत: महिला पर किया हमला, बाथरूम में छिपा, वन विभाग ने रेस्क्यू कर देर रात जंगल में छोड़ा गया

कवर्धा में अस्पताल परिसर में घुसा तेंदुआ

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा शहर में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब स्नेहा हॉस्पिटल परिसर में एक तेंदुआ घुस आया। तेंदुए की मौजूदगी की सूचना मिलते ही अस्पताल और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान एक महिला के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब 11 बजे स्नेहा हॉस्पिटल परिसर में तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुए ने अस्पताल परिसर में मौजूद यशोदा बाई नाम की महिला पर पंजा मार दिया, जिससे वह घायल हो गईं। चोट गंभीर नहीं थी और अस्पताल में ही उन्हें तत्काल उपचार दिया गया। घटना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को सुरक्षित तरीके से काबू करने की कार्रवाई शुरू की।

सीसीटीवी में पार्किंग में उतरता दिखा तेंदुआ: घटना से जुड़े सीसीटीवी में तेंदुआ अस्पताल की ऊपरी सीढ़ियों से नीचे पार्किंग की ओर उतरता दिखाई दिया। इसके बाद वह अस्पताल परिसर में इधर-उधर घूमता रहा।

अस्पताल के बाथरूम में छिपा तेंदुआ

वन विभाग की टीम की तत्परता से तेंदुआ पार्किंग से लगे अस्पताल के एक बाथरूम में जा छिपा। उसे सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए बिलासपुर से विशेष रेस्क्यू टीम भी कवर्धा पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, जिन्हें पुलिस और वन विभाग की टीम ने पीछे हटाया।

वन विभाग की टीम ने संभाला मोर्चा

तेंदुए की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। डीएफओ निखिल अग्रवाल और एसपी जितेंद्र यादव भी मौके पर मौजूद रहे। भीड़ को नियंत्रित कर रेस्क्यू क्षेत्र को सुरक्षित किया गया, ताकि अभियान के दौरान किसी व्यक्ति को नुकसान न पहुंचे।

नर तेंदुआ था, उम्र 5.5 वर्ष

डीएफओ निखिल अग्रवाल के अनुसार रेस्क्यू किया गया तेंदुआ नर था और उसकी उम्र 5.5 वर्ष थी। बिलासपुर से पहुंची विशेषज्ञ टीम ने ट्रैंक्विलाइजर गन की मदद से तेंदुए को बेहोश कर सुरक्षित पिंजरे में रखा। वन विभाग के कर्मचारियों ने भी रेस्क्यू में सक्रिय भूमिका निभाई।

स्वास्थ्य परीक्षण के बाद भोरमदेव में छोड़ा

रेस्क्यू के बाद तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया गया। इसके बाद देर रात उसे सुरक्षित रूप से भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र के जंगल में छोड़ दिया गया। सुबह अस्पताल परिसर में शुरू हुआ घटनाक्रम तेंदुए की सुरक्षित जंगल वापसी के साथ समाप्त हुआ। इस दौरान विभाग की प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा और तेंदुए को बिना नुकसान पहुंचाए सुरक्षित रेस्क्यू करना रही।

चार दिन पहले फार्म हाउस के पास दिखा तेंदुआ, अब अटल चौक तक पहुंची दस्तक!

■ **घोटिया-तोटलभारी में लगातार मिल रही लोकेशन, एबिस कंपनी के कामगारों ने रात में देखा, वन विभाग का अमला सक्रिय नहीं**

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। घोटिया, ढारा, तोतलभारी और डैम क्षेत्र में तेंदुए की लगातार मौजूदगी ने ग्रामीणों और आसपास काम करने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। करीब चार दिन पहले भी फार्म हाउस के आसपास तेंदुए की मौजूदगी सामने आई थी। उस समय ढारा निवासी धवल चावड़ा से जुड़े फार्म हाउस के आसपास तेंदुआ देखे जाने की जानकारी सामने आई थी।

उस घटना के बाद भी तेंदुए की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब बीती रात करीब 9 से 10 बजे के बीच घोटिया-तोटलभारी अटल चौक के पास एबिस कंपनी के कामगारों ने तेंदुए को देखा। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें तेंदुआ वाहन के आसपास गुर्राता हुआ नजर आने का दावा किया जा रहा है। गनीमत रही कि वीडियो बनाने वाले लोग कार के अंदर बैठे हुए थे। अगर वे वाहन से बाहर होते तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। लगातार आबादी और आवाजाही वाले क्षेत्रों के आसपास तेंदुए की मौजूदगी ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है।

तेंदुआ की मौजूदगी से दहशत, सुरक्षा बड़ी चुनौती

सबसे चिंता की बात यह है कि चार दिन पहले फार्म हाउस क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद अब उसकी लोकेशन अटल चौक के पास सामने आई है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर डैम के पास, घोटिया, ढारा और तोतलभारी क्षेत्र से भी लगातार तेंदुए के देखे जाने की बातें सामने आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर वन विभाग कब गंभीरता से कार्रवाई करेगा? लगातार लोकेशन मिलने के बावजूद यदि इलाके में पर्याप्त गश्त, निगरानी और रेस्क्यू की कार्रवाई नहीं की जाती है तो किसी दिन तेंदुआ किसी ग्रामीण, कामगार या राहगीर को अपना शिकार बना सकता है।

न रेस्क्यू, न चेतावनी- आखिर इंतजार किस बात का?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी सामने आने के बावजूद वन विभाग की ओर से अपेक्षित सक्रियता दिखाई नहीं दे रही है। लोगों का कहना है कि विभाग को तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजकर स्थिति का जायजा लेना चाहिए और जरूरत पड़ने पर तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू करने की कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही घोटिया, ढारा, तोतलभारी, डैम क्षेत्र और फार्म हाउस के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की हिदायत देने की जरूरत है।

ब्रेक फेल होने से पेड़ से टकराई पिकअप दो महिलाओं की मौत, 9 की हालत गंभीर

कुसमी क्षेत्र के करौंधा के पास हुआ दर्दनाक हादसा, करीब 20 लोग थे सवार

कुसमी/बलरामपुर। बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिकअप सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि करीब 17 लोग घायल हो गए। घायलों में नौ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसा करौंधा थाना क्षेत्र में करौंधा से करीब एक किलोमीटर दूर हुआ।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 2749 देवरी से प्रेमनगर के काली मिट्टी लेने जा रहा था। इसी दौरान करौंधा से करीब एक किलोमीटर दूर अचानक वाहन का ब्रेक फेल होने की बात सामने आई। इसके बाद तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।

बताया जा रहा है कि हादसे के समय पिकअप में बच्चों समेत करीब 20 लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को दुर्घटनाग्रस्त वाहन से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी भेजा गया। हादसे में सूरजमणि पति बालेश्वर और किरण पति कपिल की मौत हो गई।

हाईवा ने एक्टिवा सवार को रौंदा एक नाबालिग की मौत, दो घायल

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अभनपुर में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। एक्टिवा पर सवार तीन नाबालिगों को हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार, शुभम मार्ट के सामने तीन नाबालिग एक ही एक्टिवा पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने आगे चल रहे हाईवा से आगे बढ़ने की कोशिश की। तभी एक्टिवा अनियंत्रित होकर हाईवा की चपेट में आ गई। हादसे में एक्टिवा सवार कृष्ण कुमार साहू हाइवा के पहिए के नीचे आ गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका पैर बुरी तरह से कुचला गया। वहीं, उसके साथ सवार दो अन्य नाबालिग हादसे में घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और दोनों घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेज दिया। वहीं दुर्घटना में शामिल हाइवा को जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया गया है।

हादसे के बाद हाईवा चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। फिलहाल अभनपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार हाईवा चालक की तलाश की जा रही है। इस हादसे के बाद नाबालिगों के वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि तीनों नाबालिग एक ही एक्टिवा पर सवार थे और किसी ने हेलमेट नहीं पहना था।

दसकुंड महोत्सव की तैयारियां शुरू : कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक, समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण हुए शामिल

आग में पककर तैयार होगी 100 किलो की पान रोटी, ग्रामीणों में उत्साह

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजिम में दसकुंड महोत्सव 2026 को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी शामिल हुए। बैठक में महोत्सव को व्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू: महोत्सव के दौरान सिरकट्टी आश्रम के गोवर्धन शरण व्यास के मार्गदर्शन में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में यज्ञ स्थल का चयन करने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन, सत्संग में बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि, देवी पंचमी के अवसर पर एक क्विंटल यानी 100 किलो पान रोटी तैयार की जाएगी।

पारंपरिक अंदाज में आग में पकाकर होगा तैयार

आयोजन समिति के अनुसार, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों में पान रोटी का विशेष स्थान है। इसे पत्ते में रखकर सीधे आग में पकाने की पारंपरिक विधि अपनाई जाती है। आग में पकने के बाद इसका स्वाद लोगों को बहुत ही भाता करता है। महोत्सव में 100 किलो पान रोटी तैयार करना अपने आप में अनूठा आयोजन होगा, जो गरियाबंद जिले के साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

अखंड दीप से जगमगाएगा महोत्सव स्थल

महोत्सव के समापन तक अखंड दीप प्रज्वलित रखने का निर्णय भी लिया गया। इसके साथ ही सिद्धिदात्री, सिद्धेश्वरी और जामवंत गुफा सहित प्रमुख स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। आयोजन स्थल पर भव्य तोरण द्वार भी तैयार किया जा रहा है, जिससे महोत्सव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक छटा और निखरेगी।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में आयोजन की जिम्मेदारियों को लेकर भी चर्चा हुई। संरक्षक डॉ. वशिष्ठ, संयोजक राजकुमार यादव, भगवताचार्य डॉ. रमाकांत शर्मा, उद्घोषक प्रहलाद गंधर्व, नूतन साहू, जीवन सेन, दीनदयाल विश्वकर्मा, शत्रुघ्न साहू, फिरत निषाद, महेंद्र साहू, तीरथ साहू, कमलेश कुमार तथा ग्राम प्रमुख रामजी सहित गांव के 40 से अधिक लोग उपस्थित रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने पर सहमति जताई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन: 0771-3526755, 6262188999